RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

पैदल सड़कों पर फिरें, जैसे फिरें अनाथ।
कहां नहीं है अतिक्रमण, सिसक रहे फुटपाथ।
सिसक रहे फुटपाथ, उगी हैं कहीं झाड़ियां।
फड़ी-रेहड़ी कहीं, कहीं पर खड़ी गाड़ियां।
कह साहिल कविराय, घनी ट्रैफिक की दलदल।
फंसकर इसमें कई, आ रहे नीचे पैदल।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 148 | SUNDAY DATE 21-06-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## संक्षिप्त खबरें

### आयुष मंत्रालय ने योग में बड़ी संख्या में भाग लेने की लोगों से की अपील

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 20 जून ।** आयुष मंत्रालय ने 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतरराष्ट्रीय योग पर देशभर के लोगों से बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की है। आयुष मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि यह आयोजन स्वास्थ्य, सद्भाव और भारत की प्राचीन योग परंपरा का वैश्विक उत्सव होगा। इस वर्ष का मुख्य कार्यक्रम कोलकाता के ऐतिहासिक रेड रोड पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित किया जायेगा। केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि योग दिवस 2026 को जनभागीदारी का महाअभियान बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संस्कृति मंत्रालय भी देश के 100 प्रतिष्ठित और ऐतिहासिक स्थलों पर विशेष योग कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, जिससे भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और योग परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। उन्होंने नागरिकों से इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बनने और उत्साहपूर्वक भागीदारी करने का आग्रह किया।

### हिमाचल के डीआईजी संजीव गांधी पर लगा 1.80 लाख रुपए का डैमेज चार्ज

**शिमला, यूटर्न/ 20 जून ।** हिमाचल पुलिस मुख्यालयअ ने डीआईजी ट्रैफिक, टूरिज्म एवं रेलवे (टीटीआर) संजीव गांधी को सरकारी आवास खाली न करने पर एक लाख 80 हजार रुपए का डैमेज चार्ज जमा करने का नोटिस भेजा है। यह आवास शिमला के एसपी के लिए तय था। डीजपी कार्यालय की ओर से जारी नोटिस के मुताबिक संजीव गांधी ने 7 फरवरी 2026 को शिमला एसपी का पदभार छोड़ दिया था। नियमों के तहत पद छोड़ने के बाद सरकारी आवास में रहने के लिए उन्हें 7 मार्च 2026 तक अनुमति थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नोटिस में दावा किया कि उन्हें 12 मई 2026 को आवास खाली करने के लिए नोटिस दिया था, लेकिन तय तारीख तक आवास खाली नहीं किया। इसके बाद डैमेज चार्ज लगाया गया है। आवास का क्षेत्रफल करीब 3568.88 वर्ग फीट है। नियमों के तहत 18 रुपए प्रति वर्ग फीट प्रति माह की दर से डैमेज चार्ज की गणना की गई।

## मोदी ने ओडिशा में 47,600 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया



**» भुवनेश्वर, यूटर्न/ 20 जून ।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को ओड़िशा के मयूरभंज जिले के पहाड़पुर गांव का दौरा किया। प्रधानमंत्री ने 47,600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने पवित्र उपवनों सांथाली जाहेरा और हो जाहेरा, कौशल केंद्र तथा पहाड़पुर विद्यालय में पूजा-अर्चना की और मयूरभंज जिले के रायरंगपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया, जो ओडिशा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का विषय 'विकास रा धारा, ओडिशा सारा' था।

प्रधानमंत्री ने राज्य में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर बधाई देते हुए कहा, 'डबल इंजन सरकार राज्य की विकास यात्रा को तेज गति दे रही है और जनकल्याणकारी योजनाओं, निवेश, औद्योगिक विकास तथा रोजगार के अवसरों के माध्यम से आम नागरिकों के जीवन में परिवर्तन ला रही है।'

## नीट यूजी-2026 के उम्मीदवारों को डीटीसी में मिलेगी मुफ्त यात्रा की सुविधा : रेखा गुप्ता



**» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 20 जून ।**

राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा की पूर्व संध्या पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सभी उम्मीदवारों को रविवार को डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा करने की अनुमति दी जाएगी और उनके परिवार के सदस्य सभी 97 परीक्षा केंद्रों के बाहर स्पेशल कूलिंग जोन में प्रतीक्षा कर सकेंगे।

चिकित्सा प्रवेश परीक्षा के लिए छात्रों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि परीक्षा के दिन किसी भी परिवार को परिवहन, गर्मी या लंबे इंतजार से संबंधित अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा का लाभ उठाने के लिए उम्मीदवारों को बस कंडक्टर को अपना वैध नीट एडमिट कार्ड दिखाना होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि शहर में नीट परीक्षा के लिए कुल 97 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं और जिला प्रशासन द्वारा इन सभी केंद्रों के पास स्पेशल कूलिंग जोन स्थापित किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह पहली बार है कि परीक्षा देने वाले छात्रों के साथ-साथ उनके माता-पिता और परिवार के सदस्यों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रतीक्षा व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि जब तक उम्मीदवार परीक्षा केंद्रों के अंदर रहते हैं, तब तक बाहर घंटों इंतजार कर रहे अभिभावकों की चिंता, गर्मी और असुविधा अक्सर अनसुनी रह जाती है।

इस मानवीय पहलू को समझते हुए, दिल्ली सरकार ने परीक्षा केंद्रों के आसपास स्पेशल कूलिंग जोन बनाए हैं, जहां अभिभावकों को बैठने और आराम करने की सुविधा के साथ-साथ स्वच्छ पेयजल, चूने का पानी, ओआरएस, चाय और प्राथमिक चिकित्सा सहायता भी उपलब्ध होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार छात्रों को उनकी शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के दौरान हर संभव सहायता और सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि जब अभिभावक सहज और आश्वस्त महसूस करते हैं, तो इसका छात्रों पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे वे अधिक आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में शामिल होते हैं।

### दिल्ली सरकार जनसेवा को जनता के द्वार तक पहुंचाने में पूरी तरह सफल रही

दिल्ली सरकार की ओर से आयोजित तीन दिवसीय (18 से 20 जून) जन कल्याण शिविरों के दूसरे दिन दिल्लीवासियों का उत्साह और अधिक बढ़ गया है। शिविर के दूसरे दिन विभिन्न केंद्रों पर रिकॉर्ड 28,107 नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और विभिन्न सरकारी योजनाओं व सेवाओं का सीधा लाभ उठाया। उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं, सेवाओं और अपनी समस्याओं के समाधान से संबंधित जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक प्रक्रियाओं में भाग लिया। शिविर के पहले दिन आधिकारिक जानकारी के अनुसार 15,866 लोग पहुंचे थे। दो दिनों को मिलाकर अब तक कुल 43,973 नागरिकों ने इन शिविरों के माध्यम से सरकारी सेवाओं और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन किए।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस भारी जनभागीदारी पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जन कल्याण शिविरों को मिल रहा यह व्यापक समर्थन इस बात का प्रमाण है कि दिल्ली सरकार जनसेवा को जनता के द्वार तक पहुंचाने में पूरी तरह सफल रही है। जब लोगों को उनके घर के पास ही सभी विभागों के अधिकारी एक छत के नीचे मिल जाते हैं तो उनका समय और भागदौड़ दोनों बचती है। दूसरे दिन त्रिलोकपुरी केंद्र भी पहले दिन की तरह दूसरे दिन भी शीर्ष पर रहा, जहां सबसे अधिक 1,349 नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके बाद गोकलपुर केंद्र पर 1,335 लोग पहुंचे।

## मुर्मु मंगलवार को 65 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित करेंगी

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 20 जून ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मंगलवार को राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में नागरिक अलंकरण समारोह-द्वितीय में वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्रिपरिषद के अनेक मंत्री तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस समारोह में उपस्थित रहेंगे। द्वितीय नागरिक अलंकरण समारोह में राष्ट्रपति 65 हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी, जिनमें दो पद्म विभूषण, सात पद्म भूषण और 56 पद्म श्री सम्मान शामिल हैं। श्रीमती मुर्मु ने 25 मई को आयोजित प्रथम नागरिक अलंकरण समारोह में भी 65 पद्म पुरस्कार प्रदान किए थे, जिनमें दो पद्म विभूषण, छह पद्म भूषण और 57 पद्म श्री शामिल थे। पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक हैं।

## सरकार ने 16 एफडीसी दवाओं पर लगाये प्रतिबंध

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 20 जून ।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने जनहित में 16 निश्चित खुराक संयोजनों (एफडीसी) के निर्माण, बिक्री और मानव उपयोग के लिए वितरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने आज बताया कि मंत्रालय ने औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 की धारा 26ए के तहत अधिसूचना जारी कर यह फैसला लिया है। सरकार का कहना है कि यह कदम जनस्वास्थ्य की रक्षा तथा केवल वैज्ञानिक रूप से उचित और सुरक्षित दवा संयोजनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय सर्वोच्च न्यायालय के निदेर्शों के अनुपालन में लिया गया है। अदालत ने देश में उपलब्ध एफडीसी दवाओं की व्यापक समीक्षा करने का निर्देश दिया था। इसके बाद औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड (डीटीएबी) ने विशेषज्ञ समिति का गठन किया, जिसने विभिन्न एफडीसी दवाओं का वैज्ञानिक परीक्षण कर उन संयोजनों की पहचान की जो तर्कहीन हैं, चिकित्सीय औचित्य नहीं रखते या मानव स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं।

## दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जून ।** दिल्ली में नीट प्रश्नपत्र लीक के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने शनिवार को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके महात्मा गांधी और डॉ. अंबेडकर की तस्वीरें लेकर मंच पर पहुँचे। सीजेपी ने मंच पर उन छात्रों के चित्र भी लगाए, जिन्होंने नीट प्रश्नपत्र लीक के बाद हुई कथित अनियमितताओं से परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी। दीपके ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और आत्महत्या करने वाले नीट छात्रों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग की।

## आशीष सूद ने परीक्षा केंद्र पहुंचकर नीट यूजी पुनर्परीक्षा की तैयारियों का लिया जायजा

**» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 20 जून ।**



दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने शनिवार को परीक्षा केंद्र पहुंचकर नीट यूजी पुनर्परीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया। श्री सूद ने नीट यूजी पुनर्परीक्षा की तैयारियों के मद्देनजर आज यहाँ पंडारा रोड सी एम श्री स्कूल का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित एसडीएम भी उपस्थित थे। निरीक्षण के बाद श्री सूद ने बताया कि नीट की परीक्षा के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने पूरी दिल्ली में कई स्थानों पर सफल एवं सुचारु आयोजन के लिए प्रभावी व्यवस्थाएं की हैं। उन्होंने बताया कि 21जून को आयोजित होने वाली नीट की परीक्षा के लिए दिल्ली में बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों के साथ दूर-दराज क्षेत्रों से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचते हैं।

इसे ध्यान में रखते हुए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर लगभग 2,500 वर्ग फुट के वातानुकूलित एवं आरामदायक कूलिंग जोन बनाये गये हैं, जहां अभिभावक और विद्यार्थी परीक्षा से पूर्व आराम कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इन कूलिंग जोन में बैठने की सुविधा, पीने का साफ पानी, शिकंजी, वी आर एस तथा प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध होंगी ताकि अभिभावकों और बच्चों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## नीट परीक्षा के नाम पर बच्चों के भविष्य से खेला जा रहा है जुआ : राहुल

**» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 20 जून ।**



लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को पूरी तरह अक्षम बताते हुए कहा है कि वह परीक्षा के नाम पर बच्चों और अभिभावकों के धैर्य की परीक्षा ले रहा है और छात्रों के भविष्य के साथ जुआ खेल रहा है। श्री गांधी ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक छात्र का उदाहरण देते हुए कहा कि नागपुर का यह छात्र एक महीने से नीट पुनर्परीक्षा की तैयारी कर रहा था लेकिन परीक्षा से एक दिन पहले प्रवेश पत्र डाउनलोड करने पर पता चला कि उसका परीक्षा केंद्र अबू धाबी आवंटित हुआ है।

छात्र के पास न पासपोर्ट था, न विदेश जाने के लिए आर्थिक साधन और न ही पर्याप्त समय बचा था जिसके कारण वह पूरी रात तनाव में रहा और परीक्षा देने से ही मना करने लगा। उन्होंने कहा, 'क्या इस तनाव की कल्पना भी की जा सकती है।

कल किसी भी छात्र को केंद्र तक नहीं पहुंच पाने की शिकायत नहीं होनी चाहिए।

एनटीए वास्तव में देश के बच्चों और उनके माता-पिता का सिर्फ धैर्य की परीक्षा ले रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जो व्यवस्था किसी छात्र को उसके अपने शहर में परीक्षा केंद्र उपलब्ध नहीं करा सकती और उसे विदेश में केंद्र आवंटित कर सकती है, उसे परीक्षा आयोजित करने का अधिकार नहीं है।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### विदेशी पर्यटक से 35 हजार रुपये छीनने के आरोप में उबर राइडर गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जून।** विदेशी पर्यटक से 35,000 रुपये छीनने के आरोप में उबर राइडर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास के एक मोटरसाइकिल जब्त की है और 4,200 रुपये भी बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, 16 जून को दिल्ली के करोल बाग पुलिस स्टेशन में 35 हजार रुपये छीने जाने को लेकर पीसीआर पर जानकारी दी गई थी। मामले की जानकारी होते ही पुलिस एक्टिव हुई। मौके पर जाकर पुलिस की ओर से पूछताछ की गई तो पता चला कि शिकायतकर्ता एक श्रीलंकाई नागरिक था जो करोल बाग के कॉस्मो होटल में ठहरा हुआ था। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता ने सुबह-सुबह शांगरी-ला होटल से कॉस्मो होटल तक के लिए उबर मोटरसाइकिल राइड बुक की थी। होटल पहुंचने के बाद, जब वह अपने वॉलेट से 75 रुपए का किराया दे रहा था, तभी उबर बाइकर ने अचानक 35 हजार रुपए नकद छीन लिए और अपनी मोटरसाइकिल से मौके से भाग गया। करोल बाग पुलिस स्टेशन में बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### कानपुर में रेल पटरी किनारे मिली परिवार की चिंता में विक्षिप्त सी हुई वृद्धा की लाश

» सुनील बाजपेई

कानपुर, यूटर्न/ 20 जून। आज यहां शनिवार कीसुबह अपने गरीब परिवार की चिंता में दिन-रात परेशान होकर विक्षिप्तों की सी हालत में पहुंची एक बुजुर्ग महिला की लाश यहां रेलवे पटरी के किनारे मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

यह घटना महाराजपुर के प्रेमपुर रेलवे स्टेशन के पास की है। यहां शनिवार सुबह करीब छह बजे डीएफसीसी डाउनलाइन खंबा नंबर 452/ 6-7 के बीच में एक 55 वर्षीय वृद्धा का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची महाराजपुर पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त कराई गई, जिसमें बड़ागांव के रहने वाले जीतू ने बताया कि उसकी मां सुनीता पत्नी उमेश है। सुबह करीब पांच बजे वह घर से निकली थीं। मिली जानकारी के मुताबिक मानसिक हालत ठीक न होने की वजह से वह रेलवे ट्रैक किनारे अक्सर टहलने निकल जाती थी। सूत्रों ने बताया कि वह अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को लेकर चिंता की वजह से अर्ध विक्षिप्त सी हालत में पहुंच गई थी।

# पीएम-किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र, उझा (पानीपत) में कार्यक्रम आयोजित

» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यूटर्न/ 20 जून। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 23वीं किस्त जारी किए जाने के अवसर पर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र, उझा (पानीपत) द्वारा किसानों के लिए एक विशेष जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसानों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के तारकेश्वर से आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा, जिसमें देशभर के पात्र किसानों के बैंक खातों में आधार से जुड़े खातों के माध्यम से प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिए रु.2,000 की राशि हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर गांव बसाड़ा



की सरपंच श्रीमती मीनाक्षी देवी ने स्थानीय जनप्रतिनिधि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त करते हुए महिलाओं को शिक्षा, कृषि एवं स्वरोजगार गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया तथा सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने का आ'ान किया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र, पानीपत के प्रभारी डॉ. सतपाल सिंह ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के उद्देश्यों एवं किसानों के लिए इसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य छोटे एवं सीमांत किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है, जिससे वे कृषि कार्यों के लिए आवश्यक कृषि आदानों की खरीद समय पर कर सकें तथा उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। उन्होंने कहा कि यह योजना किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि क्षेत्र को अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए अपने आधार, बैंक खाते एवं ई-केवाईसी संबंधी विवरण समय-समय पर अपडेट करवाते रहें ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा सीधे किसानों के खातों में सहायता राशि भेजे जाने से पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है तथा किसानों को समय पर लाभ मिल रहा है।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की हरियाणा राज्य कौंसिल मीटिंग, 21 जून को

» पानीपत, यूटर्न/ 20 जून।



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की हरियाणा राज्य कौंसिल की मीटिंग 21 जून को पी सी जोशी भवन, एम सी कालौनी करनाल में होगी। मीटिंग में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय सचिव एवं आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) की राष्ट्रीय महासचिव कामरेड अमरजीत कौर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों की विस्तार से जानकारी देंगी।

सीपीआई की हरियाणा राज्य कार्यकारिणी के सदस्य एवं पार्टी के जिला सचिव कामरेड पवन सैनी एडवोकेट ने आज यहां जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में दी। कामरेड सैनी ने बताया कि सीपीआई के राज्य सचिव कामरेड दरियाव सिंह कश्यप हरियाणा में पार्टी गतिविधियों पर रिपोर्ट पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि मीटिंग में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा 6 से 15 अगस्त तक देशव्यापी पदयात्रा कार्यक्रम और 1 सितंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली की सफलता के लिए रणनीति तय की जायेगी। इस कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकर्ता सीपीआई के उद्देश्य, संघर्ष, बलिदान एवं उपलब्धियों

**सीपीआई की हरियाणा राज्य कार्यकारिणी के सदस्य एवं पार्टी के जिला सचिव कामरेड पवन सैनी एडवोकेट ने आज यहां जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में दी।**

की जानकारी जनता से साझा करेंगे और दिल्ली रैली में शामिल होने की अपील करेंगे। उन्होंने बताया कि सीपीआई की हरियाणा राज्य कौंसिल के सदस्य इस मीटिंग में शामिल होंगे और देश व प्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ राज्य में आंदोलन की रुपरेखा तैयार करेंगे।

## नशा मुक्त हो जिला अभियान तहत संदिग्ध नशा तस्करों पर पुलिस की लगातार कार्रवाई

**क्राइम यूनिट तथा कमांडो दस्ता ने सेंसी बस्ती कलायत में चलाया सघन चेकिंग अभियान**

» रवि जैस्ट

कलायत, यूटर्न/ 20 जून। नशा व शराब तस्करो की धरपकड़ व अन्य अपराधीक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देशानुसार कैथल पुलिस लगातार प्रयासरत है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार की सुबह सीआईए कलायत प्रभारी एएसआई मनीष कुमार, एंटी नारकोटिक सेल-2 प्रभारी पीएसआई सनेश की अगुवाई में सीआईए-1, एवीटी, एएनसी तथा कमांडो दस्ते के साथ मिलकर करीब 100 पुलिस कर्मचारियों द्वारा सेंसी बस्ती कलायत में संदिग्ध नशा व शराब तस्करों के घर व अन्य ठिकानो पर सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान घरों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छिपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला या आपराधिक कार्य करने वाला गैर कानूनी तरीके से न रहता हो। लोगो को चेतावनी दी गई की नशीला पदार्थ व अवैध शराब बेचने पर जिला पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। किसी भी नशा तस्कर को बक्शा नहीं जाएगा।

एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना व अपराधियों व नशा तस्करों में भय उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में मुख्य रूप से नशा तथा शराब का कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसना है, जिला पुलिस का उद्देश्य कैथल जिला को नशा मुक्त बनाना है। इसके साथ साथ पुलिस द्वारा सर्च ऑपरेशन के अलावा वहां मौजूद आमजन को समझाया गया कि



किसी प्रकार के मादक पदार्थ बेचने वाले या अन्य किसी अपराधी के बारे में पुलिस को सूचित करें, सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा, इसके साथ साथ नशा ना करने बारे भी जागरूक किया गया।

पुलिस का यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा और इससे या तो अपराधीक व्यक्ति अपराध करना छोड़ देगा या वह कैथल के क्षेत्र को छोड़ देगा। नशा तस्करो को कड़ा संदेश देते हुए एसपी ने कहा की नशा बेचकर अर्जित की गई सम्पति की भी जांच पड़ताल की जा रही है, नशा बेचकर कमाई गई अवैध सम्पति को अटैच करवाया जाएगा। आमजन बेझिझक नशा तस्करो की सूचना पुलिस को दें, नशा तस्करो की असली जगह जेल है।

# गलत टीका लगाने पर झोलाछाप डॉक्टर गिरफ्तार, बच्चे की हुई मौत

» संजीव कुमारी

थानेसर, यूटर्न/ 20 जून। कुरुक्षेत्र पुलिस में गलत टीका लगाने के आरोपी झोलाछाप डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री चंद्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में थाना कृष्ण की पुलिस टीम में बच्चे को गलत टीका लगाने के आरोपी झोलाछाप डॉक्टर राकेश कुमार वासी झांसा रोड थानेसर कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कर्मचंद वासी सैनी कॉलोनी थानेसर ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। दिनांक 15 जून 26 को शाम को करीब 7:00 बजे उसके पोते के घुटने में फोड़ा होने के कारण उपचार के लिए गुप्ता क्लिनिक सैनी कॉलोनी लेकर गया था।

जहां पर डॉक्टर राकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि फोड़े को ठीक करने के लिए इसमें चीरा लगाना पड़ेगा। आरोपी राकेश कुमार गुप्ता ने उसके पोते को दो इंजेक्शन लगाए जिसके बाद उसके पोते की तबीयत खराब होने लगी। उसके बाद आरोपी डॉक्टर राकेश कुमार उसके पोते को




अपने साथ लेकर एक प्राइवेट हॉस्पिटल में गए जहां पर 2 दिन उसका ईलाज चलता रहा। दिनांक 17 जून 26 को उसके पोते को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया जहां पर पीजीआई चंडीगढ़ के डॉक्टरों ने कुछ देर इलाज के बाद उसके पोते को मृत घोषित कर दिया।

उसके पोते की मौत झोलाछाप डॉक्टर के गलत टीका लगाने से हुई है। जिसकी शिकायत पर थाना कृष्णा गेट में मामला दर्ज करके जांच पीएसआई विकास द्वारा की गई।

दिनांक 19 जून 26 को थाना कृष्णा गेट प्रभारी निरीक्षक बलजीत सिंह के मार्गदर्शन में पीएसआई विकास, हरविन्द्र सिंह व उप निरीक्षक मनोज कुमार की टीम ने आरोपी झोलाछाप डाक्टर राकेश कुमार गुप्ता वासी झांसा रोड थानेसर कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया।

## जन समाधान शिविर बना छलावा, उपायुक्त के खिलाफ पीएम से शिकायत

**अश्विनी वालिया/कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 20 जून।** हरियाणा के हर जिले में सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के जल्द समाधान के लिए आयोजित 'जन समाधान शिविर' उस समय एक औपचारिकता बनकर रह गया, जब स्थानीय निवासी पंकज अरोड़ा ने जनसमाधान शिविर के मुखिया की शिकायत देश के प्रधानमंत्री, हरियाणा सरकार एवं प्रदेश के मुख्यसचिव को करके प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। पंकज अरोड़ा ने आरोप लगाया है कि वीरवार को उन्होंने अपने ऑफिस बॉय को समाधान शिविर में एक शिकायत देकर भेजा था थों शिविर में मौजूद खुद उपायुक्त कुरुक्षेत्र, श्री विश्राम कुमार मीणा ने उनकी लिखित शिकायत लेने से न केवल इनकार कर दिया, बल्कि शिकायत पत्र और आधार कार्ड सहित कागजात उन्हें वापस लौटा दिए।

**क्या है पूरा मामला?:** पंकज अरोड़ा ने बताया कि दिनांक 18/06/2026 को कुरुक्षेत्र में आयोजित 'जन समाधान शिविर' में वे अपने काम की व्यस्तता के कारण स्वयं उपस्थित नहीं हो पाए थे, इसलिए उन्होंने अपने प्रतिनिधि के माध्यम से नगर परिषद, थानेसर की हाउस टैक्स शाखा में व्याप्त भ्रष्टाचार और ब्याज माफी योजना में हो रही धांधली के विरुद्ध एक लिखित शिकायत उपायुक्त महोदय को भेजी थी। पंकज का आरोप है कि उपायुक्त ने शिकायत को रिसीव करने के बजाय उसे बिना किसी आधिकारिक रसीद के लौटा दिया और केवल KS.S.No.SI की मुहर लगाकर पल्ला झाड़ लिया।

पंकज अरोड़ा ने इसे हरियाणा सिविल सर्विसेज (आचरण) नियम, 1966 के Rule 3 का स्पष्ट उल्लंघन बताया है। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार समाधान शिविरों के माध्यम से जनता तक पहुँचने का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन के अधिकारी जनता की शिकायतों को सुनने के बजाय उन्हें ऑनलाइन पोर्टल का हवाला देकर टाल रहे हैं। यदि प्रतिनिधि के माध्यम से आई शिकायत भी स्वीकार नहीं की जाएगी, तो आम आदमी अपनी आवाज कहाँ उठाएगा?

**प्रधान सचिव को भेजी शिकायत:** पंकज अरोड़ा ने इस घटना के संबंध में देश के प्रधानमंत्री, हरियाणा सरकार एवं प्रदेश के मुख्यसचिव हरियाणा सरकार के प्रधान सचिव, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को लिखित शिकायत प्रेषित कर दी है। उन्होंने मांग की है कि उपायुक्त, कुरुक्षेत्र (श्री विश्राम कुमार मीणा) के विरुद्ध विभागीय जांच शुरू की जाए। जनता की शिकायतों को हर स्तर पर अनिवार्य रूप से स्वीकार करने और रसीद देने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं और नगर परिषद, थानेसर की हाउस टैक्स शाखा में व्याप्त अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच हो।

# अग्रोहा धाम में महाराजा अग्रभागवत कथा में पहुंचे पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा

» हरियाणा, यूटर्न/ 20 जून ।



अग्रोहा धाम के मुख्य मंदिर परिसर में आयोजित महाराजा अग्रभागवत कथा में पूर्व चेयरमैन एवं नामदेव सभा के प्रदेश अध्यक्ष सतबीर वर्मा ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। उन्होंने कथा वाचक अरविन्द द्दष्टा के सानिध्य में श्रद्धालुओं के साथ कथा श्रवण किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर कथा वाचक अरविन्द द्दष्टा ने महाराजा अग्रसेन के आदर्शों, त्याग, सेवा और मानवता पर आधारित जीवन दर्शन का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को कथा का रसपान करवाया। सतबीर वर्मा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन का शासन लोककल्याण, समानता और सेवा की भावना से ओत-प्रोत था। उन्होंने समाज से छुआछूत जैसी कुरीतियों को समाप्त करने, सम्मानपूर्वक जीवन यापन, दान-पुण्य तथा गरीबों की सेवा का संदेश दिया। यही कारण है कि आज भी महाराजा अग्रसेन के आर्दश समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं।

उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज आज देशभर में धर्मपरायणता, सेवा और दानवीरता के लिए जाना जाता है, जिसका श्रेय महाराजा अग्रसेन की शिक्षाओं को जाता है। ऐतिहासिक प्रमाणों के अनुसार अग्रोहा प्राचीन काल में एक समृद्ध राजधानी के रूप में विकसित रहा है। वर्तमान में भी अग्रोहा देश का एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल है, जहां देश-विदेश से श्रद्धालु एवं पर्यटक पहुंचते हैं। यह हिसार जिले के लिए गर्व की बात है।

सतबीर वर्मा ने विशेष रूप से उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान से कथा श्रवण के लिए पहुंचे नामदेव समाज के प्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं का स्वागत किया। कथा संचालन समिति द्वारा विभिन्न स्थानों से पहुंचे श्रद्धालुओं, कथा वाचक अरविन्द द्दष्टा तथा विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सतबीर वर्मा, उत्तम नामदेव (शामली), दूली चंद जाजपूरा (राजस्थान), अतुल सिंघल (मुजफ्फरनगर) सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# प्रतिष्ठित समाजसेवी स्व. लक्ष्मी चंद चुघ की 36वीं पुण्यतिथि श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई

» निर्मल सिंह विर्क



पानीपत, यूटर्न/ 20 जून । वरिष्ठ पत्रकार अशोक चुघ के स्वर्गीय पिता एवं शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी स्व. लक्ष्मी चंद चुघ की 36वीं पुण्यतिथि आज श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर यज्ञ, पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया तथा उपस्थित लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण किया।

कार्यक्रम में हरियाणा पत्रकार संघ के जिला प्रधान विनोद पांचाल ने स्व. लक्ष्मी चंद चुघ को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें सच्चा संन्यासी बताया। उन्होंने कहा कि स्व. चुघ ने अपना संपूर्ण जीवन जनसेवा के लिए समर्पित किया और समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बने रहे।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकारों के साथ-साथ विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने स्व. चुघ के समाजसेवा के कार्यों को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

उल्लेखनीय है कि स्व. लक्ष्मी चंद चुघ पाकिस्तान विभाजन के बाद पानीपत आकर बसे थे और यहां उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से शहर की पहली न्यूज पेपर एजेंसी स्थापित की। उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए सूचना के प्रसार में अहम भूमिका निभाई।

आज उनके द्वारा स्थापित इस कार्य को उनके पुत्र हरीश चुघ एवं कृष्ण चुघ न्यूज पेपर एजेंसी के माध्यम से आगे बढ़ा रहे हैं और उनके दिखाए मार्ग पर चल रहे हैं। वहीं उनके बड़े सुपुत्र अशोक चुघ दैनिक समाचार पत्र में बतौर पत्रकार अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

> ☐ आज उनके द्वारा स्थापित इस कार्य को उनके पुत्र हरीश चुघ एवं कृष्ण चुघ न्यूज पेपर एजेंसी के माध्यम से आगे बढ़ा रहे हैं और उनके दिखाए मार्ग पर चल रहे हैं। वहीं उनके बड़े सुपुत्र अशोक चुघ दैनिक समाचार पत्र में बतौर पत्रकार अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

पुण्यतिथि के अवसर पर सलारगंज गेट के निकट श्रद्धालुओं को छोले-कुल्चे वितरित किए गए तथा राहगीरों को ठंडा पानी पिलाकर सेवा कार्य भी किया गया।

कार्यक्रम का समापन श्रद्धांजलि सभा के साथ हुआ, जिसमें सभी ने स्व. चुघ की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# योग की डोज,एक घंटा रोज:बीर सिंह

» राजेश सलूजा







हरियाणा, यूटर्न/ 20 जून । जैसा कि आप सभी देशवासियों को पता है 21जून 2026 को 12 वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस का महापर्व पूरे विश्व में हर्षोंल्लास के साथ मनाया जाएगा !पतंजलि योग शिक्षक बीर सिंह सनियाना ने अपनी योग कक्षा में योग साधकों को बताया की योग हमारे लिए सबसे जरूरी ह !बीर सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि मैं सभी गांव, शहर, प्रदेश और देशवासियों से निवेदन करता हूं की आप अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के इस महापर्व पर 365 दिन में से एक दिन तो जरूर अपने घरों से योग करने के लिए बाहर निकले खुद योग करें दूसरों को योग के लिए प्रेरित करें जो बाहर नहीं आ सकते वो घर पर टेलीविजन और फोन के माध्यम से योग करे अपने फोन से सेल्फी फोटो लेकर फेसबुक स्टेटस इंस्टाग्राम आदि सभी सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार करें ताकि भारत का संदेश पूरी दुनिया में जाएं ! उन्होंने बताया कि 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की आधिकारिक थीम है' स्वस्थ आयु के लिए योग' है ! इस थीम का मुख्य उद्देश्य बढ़ती उम्र के-साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए योग को एक प्रभावशाली साधन के रूप में बढ़ावा देना है ! माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के कुशल नेतृत्व,दूरदर्शी सोच उनके अथक प्रयासों से योग को आज वैश्विक पहचान मिली है आज योग दुनिया के 190 देश से अधिक में पहुंचा है ! उन्होंने योग के विस्तार के लिए आयुष मंत्रालय का गठन किया जो योग,आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा के लिए सशक्त है ! बीर सिंह ने योगऋषि स्वामी रामदेव जी व आचार्य बालकृष्ण का जिगर करते हुए बताया कि आधुनिक युग में योग को जन-जन तक पहुंचने में स्वामी रामदेव जी ने क्रांतिकारी भूमिका निभाई है उन्होंने योग शिविरों के माध्यम से योग को सामान्य लोगों के जीवन का हिस्सा बना दिया उन्होंने प्राचीन और जटिल योग क्रियाओं को सरल और सुलभ तरीके से करवाया और समझाया स्वामी जी ने टेलीविजन और विशाल योग शिविरों के माध्यम से आज योग,आयुर्वेद घर-घर तक पहुंचा पतंजलि योगपीठ हरिद्वारऔर भारत स्वाभिमान संगठन के जरिए योग और आयुर्वेद के प्रशिक्षण और अनुसंधान को वैश्विक स्तर पर मान्यता दिलाए और करोड़ों योग शिक्षक तैयार किए जो आज गांव गांव घर-घर योग की महिमा को बढ़ा रहे है !बीर सिंह ने निवेदन किया कि सभी उकलाना निवासी 21 जून को आयुष विभाग हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग हिसार के तत्वाधान में ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम 12 वे अंतराष्ट्रीय योग दिवस 21जून 2026 सुबह 6:00 से8:00 बजे तक जनता स्कूल उकलाना में आप सभी परिवार,मित्रो सहित सादर आमंत्रित हो मेरी योग की सेवा भी आप के साथ होगी आप आएं और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं !

# रणदीप सिंह सुरजेवाला के नेतृत्व में कांग्रेस संगठन को मिल रही नई मजबूती, जमीनी कार्यकर्ताओं को मिल रहा सम्मान : राजेश सांदलाना

## बरवाला रूरल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर सरवन सिंह का कांग्रेस भवन हिसार में जोरदार स्वागत

» हरियाणा, यूटर्न/ 20 जून ।



कांग्रेस भवन हिसार में नवनियुक्त बरवाला रूरल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सरवन सिंह का जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) हिसार के अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया एवं एआईसीसी सदस्य राजेश सांदलाना के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) हिसार के अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो वर्षों से बिना किसी स्वार्थ के संगठन और जनसेवा के लिए कार्य करते हैं। कांग्रेस नेतृत्व द्वारा ऐसे कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ताओं को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपना इस बात का प्रमाण है कि पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मान और संगठन की मजबूती के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरवन सिंह लंबे समय से कांग्रेस विचारधारा को मजबूती देने का कार्य कर रहे हैं और उनकी नियुक्ति से बरवाला रूरल क्षेत्र में संगठन को नई ऊर्जा और नई दिशा मिलेगी।

बृजलाल बहबलपुरिया ने कांग्रेस हाईकमान, हरियाणा कांग्रेस प्रभारी बी.के. हरिप्रसाद, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह तथा समस्त प्रदेश नेतृत्व का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देना एक सकारात्मक और दूरदर्शी निर्णय है। इससे कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ता है तथा संगठन को नई शक्ति और मजबूती मिलती है। एआईसीसी सदस्य राजेश सांदलाना ने कांग्रेस हाईकमान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने हमेशा जमीनी स्तर पर संघर्ष करने वाले कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने विशेष रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन, दूरदर्शी सोच और संगठन को मजबूत करने के प्रयासों का ही परिणाम है कि आज कांग्रेस परिवार लगातार मजबूत हो रहा है। सुरजेवाला हमेशा कार्यकर्ताओं की आवाज को नेतृत्व तक पहुंचाने और उन्हें उचित सम्मान दिलाने का कार्य करते हैं। उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती और कार्यकर्ताओं को नई प्रेरणा मिल रही है।

राजेश सांदलाना ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि जनता के मुद्दों की लड़ाई लड़ना और संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करना है। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष सरवन सिंह निश्चित रूप से कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

# विश्व संगीत दिवस पर सांगीतिक कार्यक्रम आज ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा होंगे मुख्य अतिथि

» परमिंदर सिंह



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 20 जून । सांस्कृतिक अधिकारी डा. दीपिका ने कहा कि कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा की तरफ से विश्व संगीत दिवस पर सांगीतिक कार्यक्रम का आयोजन 21 जून को सायं 6 बजे ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा होंगे। उन्होंने आज यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग के आदेशानुसार विश्व संगीत दिवस पर कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में सांगीतिक कार्यक्रम का आयोजन सायं 6 बजे किया जाएगा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा करेंगे। इस कार्यक्रम में उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा भी मौजूद रहेंगे।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# दिल्ली के शाहदरा में बिजली के सामान के गोदाम में लगी आग, कोई भी हताहत नहीं

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जून ।**

दिल्ली के शाहदरा इलाके में शनिवार को एक इलेक्ट्रिकल सामान के गोदाम में भीषण आग लग गई। यह घटना बिहारी कॉलोनी की गली नंबर 7 में स्थित गोदाम में हुई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।

सूचना मिलते ही दिल्ली फायर सर्विस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आग बुझाने के लिए कुल छह दमकल गाड़ियां भेजी गईं। दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की और आसपास की इमारतों में आग फैलने से रोका।



फायर स्टेशन ऑफिसर अनूप सिंह ने बताया कि जिस गोदाम में आग लगी वह इलेक्ट्रिकल सामान के भंडारण के लिए इस्तेमाल होता था और घटना के समय वह बंद (लॉक) था। जब टीम मौके पर पहुंची तो गेट बंद था और अंदर इलेक्ट्रिकल सामग्री रखी हुई थी। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

उन्होंने बताया कि काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पा लिया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है और जांच जारी है। इसके लिए टीम का भी गठन किया जा रहा है, जो इलाके में अन्य स्थानों पर जांच करेंगे।

फायर स्टेशन ऑफिसर अनूप सिंह ने बताया, 'हमें सुबह 4.50-4.51 बजे आग लगने की सूचना मिली। जब हम यहाँ पहुँचे, तो पता चला कि यह इलेक्ट्रॉनिक सामान का गोदाम है। हमने पूरी कोशिश की और आग पर काबू पा लिया, आग पर काबू पाने में हमें एक घंटा लगा था। ' इससे पहले शुक्रवार को दो अन्य स्थानों पर आग हादसों के बाद सामने आई है। जिसमें पहला द्वारका मेट्रो स्टेशन के पास एक नमकीन बनाने वाली फैक्ट्री में आग लग गई थी, जबकि दूसरी घटना उत्तरी दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में एक लकड़ी के फर्नीचर शोरूम में हुई थी। दमकल विभाग ने बताया था कि नमकीन बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग लगभग 300 वर्ग गज में फैले एक टिन-शेड ढांचे में थी। सुबह लगभग 3:30 बजे सूचना मिलते ही दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं।

# अपहरण कर बच्चों की बिक्री, CCTV से हुआ खुलासा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जून ।**

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (एनडीआरएस) थाना पुलिस ने एक बड़े ऑपरेशन में बच्चों को अगवा कर बेचने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में तीन महिलाओं सहित कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की तत्परता से गिरोह के चंगुल से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से अगवा किए गए डेढ़ साल के एक मासूम को सकुशल बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी दिल्ली, हरिद्वार, गाजियाबाद और बदायूं सहित विभिन्न स्थानों से पकड़े गए हैं।

रेलवे यूनिट के पुलिस उपायुक्त बी. भरत रेड्डी ने बताया कि गत 25 मई को एक महिला ने अपने डेढ़ वर्षीय बेटे के लापता होने की शिकायत नई दिल्ली रेलवे स्टेशन थाने में दर्ज कराई थी। महिला ने पुलिस को बताया कि वह अपने पति से अलग रह रही है और अक्सर रात में स्टेशन के मुख्य हॉल में ठहरती थी। उसी दौरान किसी ने उसके बेटे का अपहरण कर लिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एनडीआरएस थाने में तैनात इंस्पेक्टर याकूब खान और उनकी टीम ने जांच शुरू की। स्टेशन और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर तीन संदिग्ध, जिनमें एक महिला भी शामिल थी, बच्चे को ले जाते दिखाई दिए। जांच में सामने आया कि आरोपी पहले ई-रिक्शा से स्टेशन से निकले और फिर अलग-अलग वाहनों के जरिए शास्त्री पार्क होते हुए गाजियाबाद के कासिम विहार पहुंचे।

पुलिस ने करीब 300 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर आरोपियों की गतिविधियों का पता लगाया। तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस को जानकारी मिली कि बच्चा हरिद्वार ले जाया गया है। इसके बाद पुलिस टीम हरिद्वार पहुंची और वहां जांच का दायरा बढ़ाया गया।



## बदायूं की महिला बेटे की चाहत में बच्चे को खरीदना चाहती थी

पूछताछ में खुलासा हुआ कि बदायूं निवासी आरती नामक महिला बेटे की चाहत में एक बच्चे को खरीदना चाहती थी। उसकी पांच बेटियां हैं और कई प्रयासों के बावजूद उसे कानूनी रूप से बच्चा गोद नहीं मिल पाया था। आरती की बहन पूजा ने उसकी मुलाकात हरिद्वार में रहने वाली प्रीति से कराई। इसके बाद डेढ़ लाख रुपये में बच्चे का सौदा तय हुआ। पुलिस के अनुसार, मांग मिलने पर प्रीति ने अपने सहयोगियों जिया, विशाल और शिवा को बच्चा चोरी करने का निर्देश दिया। आरोपियों ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से मासूम का अपहरण किया और उसे हरिद्वार पहुंचा दिया। वहां से बच्चे को खरीदार तक पहुंचाने की तैयारी चल रही थी। आरती और पूजा को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि गिरोह के अन्य छह सदस्यों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गिरोह ने पहले कितने बच्चों की तस्करी की और इसके नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल हैं।

## नवजात की तस्करी करने वालों से बच्चे खरीदने वाले जांच के घेरे में

नवजात बच्चों की खरीद-फरोख्त मामले में पुलिस अब उन परिवारों पर शिकंजा कसने की तैयारी में है, जिन्होंने बच्चे खरीदे थे। आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ है कि पिछले डेढ़ वर्ष में 30 से अधिक नवजात बच्चों का सौदा हुआ। पुलिस खरीदार परिवारों के साथ पूरे नेटवर्क की कुंडली खंगाल रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, अब तक 24 ऐसे परिवारों की पहचान की जा चुकी है. जिन्होंने गिरोह से बच्चे खरीदे थे। ये परिवार दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात में रहते हैं। इन तक पहुंचने के लिए पुलिस ने तीन अतिरिक्त जांच टीमें गठित की हैं। अधिकारियों का कहना है कि रैकेट में कई अन्य लोगों की भी भूमिका सामने आ रही है, जिनकी तलाश में छापेमारी की जा रही है। जांच के तहत शुक्रवार को पुलिस की एक टीम बेगमपुर स्थित डॉ. विवेकी के हीरा मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल पहुंची। यहां से बड़ी मात्रा में दस्तावेज और अन्य अहम साक्ष्य जुटाए गए।

पुलिस अस्पताल के रिकॉर्ड की जांच कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि पिछले कुछ वर्षों में यहां कितने बच्चों के जन्म दर्ज किए गए और उनके जन्म प्रमाणपत्र किस आधार पर जारी हुए। जांच में सामने आया है कि अस्पताल कथित तौर पर नवजात तस्करी के नेटवर्क का प्रमुख केंद्र बना हुआ था। यहां बच्चों के फर्जी दस्तावेज तैयार कर उन्हें खरीदारों को सौंपा जाता था, जिससे बच्चे को खरीदार दंपती की संतान के रूप में दर्शाया जा सके।

# संक्षिप्त खबरें

## मीट एक्सपोर्ट करने वाली फर्म पर जीएसटी का छापा, 57 लाख की कर चोरी पकड़ी

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 20 जून ।** खाड़ी देशों में फ्रोजन मीट की सप्लाई करने वाली अल नासिर एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में जीएसटी की विशेष अनुसंधान शाखा ने करीब 57 लाख रुपये की कर चोरी पकड़ी है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, जांच में सामने आया है कि फर्म ने 11.12 करोड़ रुपये का टर्नओवर रिटर्न में कम दर्शाया। मौके पर फर्म प्रबंधन ने 19 लाख रुपये जमा किए हैं। शेष राशि जमा करने के लिए समय लिया गया है। नोटिस जारी कर दस्तावेज सीज कर दिए गए हैं। जीएसटी की विशेष अनुसंधान शाखा ने बृहस्पतिवार को कंपनी के डासना (गाजियाबाद) और ग्रेटर नोएडा स्थित प्रतिष्ठानों पर एक साथ छापा मारा। दोनों स्थानों पर करीब 10 घंटे तक चली कार्रवाई में कई दस्तावेज कब्जे में लिए गए। जीएसटी के अपर आयुक्त ग्रेड-1 गाजियाबाद जोन-प्रथम रामकेश्वर ने बताया कि अल नासिर फर्म स्लॉटर हाउस संचालित करती है। पशुओं को खरीदकर उनसे प्राप्त मीट व उप-उत्पादों की बिक्री की जाती है। खाड़ी देशों में निर्यात के दौरान सरकार से एक्सपोर्ट रिफंड भी लिया जा रहा था।

## कैंटर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 20 जून ।** सिहानी गेट थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कैंटर की टक्कर से बाइक सवार महिला पत्रकार की मौत हो गई। जबकि उनके योगाचार्य पति गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कैंटर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि नेहरू नगर निवासी निग्रह कुमार आर्य के मुताबिक 18 जून की रात करीब 9:30 से 9:40 बजे के बीच वह अपनी पत्नी कल्पना आर्य के साथ बाइक से भाटिया मोड़ पुल से राकेश मार्ग स्थित कमला क्वार्टर की ओर जा रहे थे। जब वह पंचवटी के पास पहुंचे तभी कैंटर चालक ने उनकी बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि उनकी पत्नी कल्पना आर्य काफी दूर जाकर सड़क पर गिर गईं। घटना के बाद दोनों को उपचार के लिए संतोष मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान कल्पना आर्य की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। निग्रह कुमार आर्य का कहना है कि कैंटर चालक शहर के भीतर तेज गति से वाहन चला रहा था। उसकी लापरवाही के कारण दुर्घटना हुई। सिहानी गेट पुलिस ने कैंटर कब्जे में लेकर चालक दीपक निवासी ग्राम कुढिहार भरारीव जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर लिया है।

# आठ फीसदी रिटर्न का झांसा देकर साढ़े तीन करोड़ रुपये की ठगी




» **लोनी, यूटर्न/ 20 जून ।**

आठ फीसदी रिटर्न का झांसा देकर साढ़े तीन करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले में भाजपा नेता और दंपती समेत छह लोगों पर धोखाधड़ी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज हुई है। आरोप है कि रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। मामले की शिकायत लोनी पुलिस से की गई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने के बाद मामले की जांच करते हुए दोनों पक्षों से पूछताछ शुरू कर दी है। दिल्ली शाहदरा छज्जूपुर निवासी योगेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जनवरी 2023 में वह अपने भाई गौरव के साथ लोनी निवासी सुरेंद्र कसाना से मिलने आए थे। सुरेंद्र अपने को कई निवेश कंपनियों का पार्टनर बता रहा था। उसने अपनी पत्नी प्रीति और दोस्त अकबर से भी मिलवाया था। उन्हें मीटिंग, सेमिनार और कार्यक्रमों में बुलाकर निवेश के लिए प्रेरित करते थे। दंपती ने उन्हें भी निवेश कर प्रतिमाह पांच से आठ फीसदी रिटर्न का भरोसा दिया। उन्होंने दंपती के कहने पर कुछ रुपये का निवेश कर दिया तो कुछ समय तक उनको प्रतिमाह रिटर्न मिलता रहा। इसके बाद दंपती ने उनसे और लोगों व रिश्तेदारों के रुपये निवेश करने के लिए कहां। इस पर उन्होंने अपने परिचितों, रिश्तेदारों और साथियों को योजना से जोड़कर करीब 75 लाख रुपये का निवेश किया। यह रुपये नकद और विभिन्न बैंक खातों से ट्रांसफर किए गए। समय बीतने के साथ उन समेत रिश्तेदारों, मित्रों और अन्य निवेशकों ने भी करीब तीन से साढ़े तीन करोड़ रुपये का निवेश किया। आरोप है कि कुछ माह तक लाभ का भुगतान करने के बाद आरोपियों ने रकम लौटाना बंद कर दिया। रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देने लगे।

# प्रेमिका के लिए चिंटू ने की तनिष्क में चोरी




## सोना बेचकर नेपाल भागने की फिराक में थे दोनों

गिरफ्तार होने से पहले चिंटू की प्रेमिका ने अपने एक रिश्तेदार को कॉल की। बताया कि चिंटू ने काफी बड़ा हाथ मारा है, पुलिस उसके पीछे है, उसकी जान बचानी है तो कोर्ट में सरेंडर करना होगा। उसने वकील कराने की बात कही। बताया कि हम सोना पिघलाकर बेच देंगे और नेपाल भाग जाएंगे। बताया कि वह घर से 15 हजार रुपये लेकर आई थी, सोना बिका नहीं है और जमापूंजी भी खत्म हो गई है। ऐसे में वह परेशान हैं और कहीं भाग भी नहीं सकते। ऐसे में चिंटू का कोर्ट में सरेंडर कराना जरूरी है। हालांकि पुलिस ने फोन ट्रेस कर सोनिया को गिरफ्तार कर लिया।

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 20 जून ।**

आरडीसी स्थित तनिष्क ज्वैलर्स शोरूम में 4.55 करोड़ रुपये की चोरी करने वाला चिंटू गहने बेचकर अपनी प्रेमिका के शौक पूरे करना चाहता था। 12वीं पास चिंटू अपने भाई की पिज्जा हट की दुकान में काम करता था। प्रेमिका सोनिया यूं तो चिंटू की दूर की रिश्तेदारी में मौसी लगती थी, लेकिन दोनों एक दूसरे के काफी नजदीक थे। चोरी के गहने बेचकर दोनों नेपाल भागने की फिराक में थे।

डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि चितरंजन उर्फ चिंटू निवासी बुलाका पाड़ा मोदीनगर मूल निवासी गांव अहारा काशी मोहद्दीनपुर, थाना परतापुर जनपद मेरठ और उसकी प्रेमिका सोनिया निवासी सिब्बनपुरा थाना सिहानी गेट को रेलवे स्टेशन वाली रोड पर बने रैन बसेरा के पास से गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित था। पूछताछ में चिंटू ने बताया कि नितिन उसके बचपन का दोस्त है और उसने तनिष्क शोरूम में चोरी की योजना बनाई थी। 11 जून की रात को नितिन ने अपने स्टॉफ को शराब पिलाकर स्टोर रूम से शोरूम की चाबी चुरा ली थी। दोनों की योजना रात में ही चोरी करने की थी, लेकिन नितिन को अधिक नशा होने के चलते वारदात को सुबह अंजाम दिया। 12 जून को नितिन अपनी प्रेमिका काजल और चिंटू के साथ कैब में आरडीसी पहुंचे। काजल को दूर खड़ा कर दिया गया। चिंटू ने शोरूम का शटर खोला, जिससे होकर नितिन अंदर चला गया और 4.55 करोड़ रुपये की कीमत के जेवर चोरी कर लिए और मोदीनगर पहुंचे। नितिन ने अपने पिता के साथ कुछ गहने बेच दिए थे। कुछ सोना तीनों ने पिघलाया था। नितिन ने सोना पिघलाकर फ्लेम सिलेंडर, एक कुठली (सोना पिघलाने का पात्र), सिंडसी और पिघला सोना चिंटू को दिया था। चिंटू ने पूछताछ में बताया कि उसने बचपन के दोस्त नितिन का साथ केवल सोनिया के शौक पूरा करने के लिए दिया था। चोरी की योजना अच्छी थी उसे अंदाजा भी नहीं था कि वह पकड़े जाएंगे। डीसीपी ने बताया कि आरोपियों से चोरी गहनों की शत-प्रतिशत बरामदगी कर ली गई है। नितिन से 3.16 करोड़ की कीमत का सोना, छह लाख नकद बरामद किए थे जबकि चिंटू से 968.50 ग्राम सोना बरामद कर लिया है।

# एमएसएमई को नवाचार, निर्यात और रोजगार का इंजन बनाना जरूरी : जीतनराम मांझी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जून ।**




सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) देश के समावेशी और सतत आर्थिक विकास की आधारशिला हैं। केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतनराम मांझी ने यह बात आगरा में आयोजित 'ब्रिक्स एमएसएमई फोरम 2026' के उद्घाटन समारोह में कही।

उन्होंने कहा कि आज के समय में एमएसएमई क्षेत्र को वित्तीय सहायता, नई तकनीक अपनाने, स्थिरता और बाजार तक पहुंच जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिनका समाधान सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। जीतनराम मांझी ने कहा कि ब्रिक्स देशों के पास अपार क्षमताएं और एक-दूसरे की पूरक ताकतें मौजूद हैं। यदि सदस्य देश लगातार संवाद और सहयोग को बढ़ावा दें, तो ऐसा मजबूत ढांचा तैयार किया जा सकता है जो एमएसएमई को नवाचार, निर्यात और रोजगार सृजन का प्रमुख माध्यम बना सके।

इस मंच पर ब्रिक्स सदस्य और साझेदार देशों के सरकारी प्रतिनिधि, नीति निर्माता, उद्योग जगत के नेता और निजी क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल हुए। कार्यक्रम में एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने, सतत विकास को बढ़ावा देने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ाने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

उत्तर प्रदेश के एमएसएमई मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि यूपी देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे आर्थिक क्षेत्रों में शामिल हो चुका है। इसमें एमएसएमई क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन और जमीनी स्तर पर विकास में एमएसएमई ने बड़ा योगदान दिया है। राज्य सरकार बुनियादी ढांचे के विकास, नीतिगत सहयोग, कौशल विकास और डिजिटल सशक्तीकरण पर लगातार काम कर रही है।

वहीं, एमएसएमई मंत्रालय के सचिव भारत खेड़ा ने कहा कि एमएसएमई केवल आर्थिक इकाइयां नहीं हैं, बल्कि नवाचार, रोजगार, उद्यमिता और क्षेत्रीय विकास के प्रमुख इंजन हैं। तकनीक अपनाने, टिकाऊ विनिर्माण, डिजिटल परिवर्तन, कौशल विकास और बाजार तक पहुंच जैसे क्षेत्रों में ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं हैं।

बता दें कि यह फोरम तीसरी ब्रिक्स एसएमई वर्किंग ग्रुप बैठक के बाद आयोजित किया गया। इसे ब्रिक्स देशों के बीच आर्थिक सहयोग को नई दिशा देने और एमएसएमई क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## फटाफट खबरें

### बाजार में दमदार परफॉर्मेंस और लंबी बैटरी लाइफ वाले लैपटॉप उपलब्ध

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जून ।** वर्तमान समय में भारतीय बाजार में ऐसे बेहतरीन बजट लैपटॉप उपलब्ध हैं जो छात्रों को पढ़ाई और हैवी सॉफ्टवेयर चलाने के लिए एकदम सही हैं। छात्रों के लिए इन लैपटॉप्स में इंटेल कोर आई3/आई5 और एएमडी राइजन सीरीज के लेटेस्ट प्रोसेसर दिए गए हैं, जो बिना किसी लैग के स्मूथ मल्टीटास्किंग सुनिश्चित करते हैं। सुपरफास्ट स्पीड के लिए पारंपरिक हार्ड डिस्क की जगह सॉलिड-स्टेट ड्राइव (एसएसडी) का उपयोग किया गया है, जिससे भारी कोडिंग ऐप्स और कंपाइलर्स कुछ ही सेकेंड्स में बूट हो जाते हैं। कोडिंग के लंबे सेशन्स और कॉलेज के प्रोजेक्ट्स के दौरान बार-बार चार्जिंग की झंझट को खत्म करने के लिए, इनमें दमदार बैटरी लाइफ मिलती है, जो आसानी से पूरे दिन का बैकअप प्रदान कर सकती है।

### भारत में सौंदर्य बाजार 2030 तक 39 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जून ।** भारत का सौंदर्य एवं व्यक्तिगत देखभाल (बीपीसी) उत्पाद बाजार एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। ई-कॉमर्स दिग्गज फ्लिपकार्ट की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, यह बाजार वर्ष 2030 तक 39 अरब अमेरिकी डॉलर के प्रभावशाली आंकड़े तक पहुंच सकता है, जो वर्तमान में 27 अरब डॉलर का है। फ्लिपकार्ट ग्लैमअप एनुअल ब्यूटी ट्रेंड्स रिपोर्ट-2026 के अनुसार, यह वृद्धि भारतीय उपभोक्ताओं के बदलते नजरिए का परिणाम है। अब सौंदर्य को केवल एक आकांक्षात्मक श्रेणी नहीं, बल्कि आत्म-देखभाल, आत्मविश्वास और व्यक्तिगत पहचान की दैनिक आवश्यकता के रूप में देखा जा रहा है। फ्लिपकार्ट में ब्रांड रणनीति एवं अंतर्दृष्टि की वरिष्ठ निदेशक प्रियंका भार्गव ने इस बाजार को 'एक महत्वपूर्ण मोड़ पर' बताया। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर बिक्री के आंकड़े भी इस प्रवृत्ति की पुष्टि करते हैं। फ्लिपकार्ट पर हर सेकंड 12 सौंदर्य उत्पाद खरीदे जाते हैं। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में सौंदर्य एवं व्यक्तिगत देखभाल कारोबार का सकल व्यापार मूल्य पिछले वर्ष की तुलना में डेढ़ गुना बढ़ा है, जबकि ऑर्डर और बेची गई इकाइयों में 1.6 गुना वृद्धि दर्ज की गई। इस शानदार वृद्धि के पीछे जैन-जेड उपभोक्ता प्रमुख चालक हैं, जो प्लेटफॉर्म पर सौंदर्य उत्पादों के आधे से अधिक खरीदार हैं।

# मारुति सुजुकी ने अपने ग्राहकों के लिए पेश किया स्मार्ट मेंटेनेंस प्लान




» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जून**

अपने ग्राहकों के लिए मारुति सुजुकी कंपनी ने स्मार्ट मेंटेनेंस प्लान नामक एक नई और सुविधाजनक रखरखाव योजना पेश की है। यह योजना निजी और व्यावसायिक दोनों प्रकार के वाहन मालिकों के लिए उपलब्ध है। इस पहल का उद्देश्य वाहन मालिकों को सेवा और रखरखाव से जुड़े खर्चों पर बेहतर नियंत्रण देना, भविष्य में बढ़ने वाली सेवा लागतों से बचाना और वाहन स्वामित्व के अनुभव को अधिक सुविधाजनक बनाना है। ग्राहक चाहें तो नया वाहन खरीदते समय ही इसे अपना सकते हैं, वहीं पहले से वाहन उपयोग कर रहे ग्राहक भी देशभर में स्थित किसी भी अधिकृत मारुति सुजुकी सेवा केंद्र से इसे खरीद सकते हैं। इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसका लचीलापन है। वाहन मालिक अपनी जरूरत और बजट के अनुसार विभिन्न प्रकार के सेवा पैकेज चुन सकते हैं। इनमें केवल श्रम शुल्क वाले पैकेज, पुर्जों और श्रम दोनों को शामिल करने वाले पैकेज, व्यावसायिक वाहनों के लिए विशेष रखरखाव सेवाएं तथा इंजन ऑयल और शीतलक द्रव से संबंधित सुविधाएं शामिल हैं।

कुछ चुनिंदा पुर्जों जैसे क्लच और ब्रेक के लिए घिसावट और सामान्य उपयोग से होने वाले नुकसान की सुरक्षा का विकल्प भी उपलब्ध है। कंपनी के अनुसार, इस योजना का लाभ लेने वाले ग्राहकों को श्रम शुल्क में कम से कम दस प्रतिशत तक की बचत हो सकती है और विभिन्न पुर्जों पर भी अतिरिक्त आर्थिक लाभ मिल सकता है।

चूंकि यह एक पूर्व भुगतान आधारित योजना है, इसलिए ग्राहक सेवा पैकेज खरीदते समय ही भविष्य के रखरखाव खर्च को तय कर सकते हैं, जिससे आने वाले वर्षों में सेवा शुल्क बढ़ने की स्थिति में भी उन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं उठाना पड़ेगा। निजी वाहन मालिक दो वर्ष या बीस हजार किलोमीटर से लेकर दस वर्ष या एक लाख किलोमीटर तक के विकल्प चुन सकते हैं, जबकि व्यावसायिक वाहनों के लिए यह सुविधा दस वर्ष या एक लाख साठ हजार किलोमीटर तक उपलब्ध होगी।

# भारत बनेगा कुशल सेमीकंडक्टर पेशेवरों का केंद्रः वैष्णव

## मंत्री वैष्णव ने 10 लाख पेशेवरों की कमी को भारत के लिए बड़ा अवसर बताया

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जून ।**



केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि भारत वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में कुशल मानव संसाधन का एक प्रमुख केंद्र बनने के लिए तैयार है। उन्होंने पटना में कहा कि इस क्षेत्र में 10 लाख पेशेवरों की वैश्विक कमी को देखते हुए, यह देश के लिए एक बड़ा अवसर है। मंत्री वैष्णव ने बताया कि लगभग 800 अरब डॉलर का वर्तमान सेमीकंडक्टर उद्योग एक वर्ष के भीतर 1 ट्रिलियन डॉलर को पार कर जाएगा, जिससे 2032 तक लगभग 10 लाख नई नौकरियां पैदा होंगी। उन्होंने कहा कि इस अवसर का लाभ उठाने के लिए भारत को सेमीकंडक्टर डिजाइन और विनिर्माण पर विशेष ध्यान देना होगा। वैष्णव ने पुष्टि की कि सरकार देश में विश्वस्तरीय सेमीकंडक्टर डिजाइन क्षमता विकसित करने पर काम कर रही है, ताकि भारतीय छात्र वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं में गिने जाएं। उन्होंने बताया कि सेमीकंडक्टर डिजाइन से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों से अब तक लगभग 75,000 छात्रों को आकर्षक अवसर मिले हैं, और लक्ष्य इस संख्या को 5 लाख तक पहुंचाना है।

# यूपी में महंगी होगी बिजली! नोएडा के 2.5 लाख उपभोक्ताओं पर पड़ेगा सीधा असर

### एनपीसीएल की सरप्लस राशि घटने से 10 फीसदी छूट खत्म होने की आशंका

» **लखनऊ, यूटर्न/ 20 जून ।**



उत्तर प्रदेश में बिजली जल्द महंगी हो सकती है। इसकी शुरूआत नोएडा और ग्रेटर नोएडा के ढाई लाख उपभोक्ताओं से होगी, जहां नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) की 10 फीसदी छूट खत्म हो सकती है। यह फैसला उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा कंपनी की सरप्लस (अधिशेष) राशि के पुनरीक्षण के बाद आया है। नियामक आयोग ने एनपीसीएल की पहले अनुमानित 1500.62 करोड़ की सरप्लस राशि को घटाकर अब 593.81 करोड़ कर दिया है। यह निर्णय एनपीसीएल द्वारा अपीलीय न्यायाधिकरण में वर्ष 2018 से 2025 तक के बिजली टैरिफ मामले में अपील के बाद पुनरीक्षण के तहत लिया गया। सरप्लस राशि में इस भारी कमी से एनपीसीएल को उपभोक्ताओं को मिलने वाली करीब 10 फीसदी की छूट घटानी या खत्म करनी पड़ सकती है, जिससे नोएडा और ग्रेटर नोएडा के लाखों उपभोक्ताओं के बिजली बिल बढ़ जाएंगे। केवल नोएडा ही नहीं, पूरे प्रदेश में भी नया बिजली टैरिफ जल्द जारी होने वाला है, जिसमें बिजली महंगी होने की आशंका है। विद्युत उपभोक्ता परिषद ने नियामक आयोग के इस फैसले का विरोध करते हुए याचिका दाखिल की है। परिषद का दावा है कि प्रदेश की अन्य बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) पर भी उपभोक्ताओं का करीब 51,000 करोड़ रुपए का सरप्लस बनता है। ऐसे में एनपीसलएल के इस मामले से भविष्य में अन्य कंपनियों के सरप्लस की जांच की मांग भी उठ सकती है, जिसका अंतिम फैसला नियामक आयोग के टैरिफ आदेश के बाद ही स्पष्ट होगा।

# मर्सिडीज-बेंज ने पेश की अपनी नई एस-क्लास लग्जरी कार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जून ।**

भारतीय ग्राहकों के लिए लग्जरी वाहन निर्माता कंपनी मर्सिडीज-बेंज ने अपनी नई एस-क्लास पेश कर दी है। सबसे बड़ी खासियत यह है कि पहली बार भारतीय बाजार में एस-क्लास को प्लग-इन हाइब्रिड तकनीक के साथ पेश किया गया है, जिससे यह न केवल अधिक शक्तिशाली बल्कि पहले से अधिक ईंधन-किफायती भी बन गई है। कंपनी ने इस प्रतिष्ठित लग्जरी सेडान के अद्यतन संस्करण को कई तकनीकी और डिजाइन सुधारों के साथ बाजार में उतारा है। कंपनी ने इस नई कार की शुरूआती कीमत 2.20 करोड़ रुपये (एक्स-शोरूम) निर्धारित की है। फिलहाल इसे केवल एस 450 ई संस्करण में उपलब्ध कराया गया है और इसकी बुकिंग शुरू कर दी गई है, जिसकी डिलीवरी इस वर्ष दीपावली के आसपास मिलने की संभावना है। नई एस-क्लास की शुरूआती कीमत पुराने मॉडल की तुलना में लगभग 35 लाख रुपये अधिक रखी गई है, जो इसमें शामिल नई तकनीक और उन्नत शक्ति प्रणाली को दर्शाता है। भारतीय बाजार में इसका मुकाबला मुख्य रूप से बीएमडब्ल्यू की 7 सीरीज से माना जा रहा है। इस नई लग्जरी कार में तीन लीटर क्षमता का टर्बो पेट्रोल इंजन और एक विद्युत मोटर का संयोजन दिया गया है। दोनों प्रणालियों को मिलाकर वाहन लगभग 435 ब्रेक हॉर्सपावर की शक्ति और 680 न्यूटन मीटर का टॉर्क उत्पन्न करता है। कंपनी का दावा है कि यह कार केवल विद्युत शक्ति पर लगभग 115 किलोमीटर तक चल सकती है और शून्य से सौ किलोमीटर प्रति घंटे की गति केवल 5.7 सेकंड में प्राप्त कर सकती है।




इसकी बैटरी को लगभग 20 मिनट में 10 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक चार्ज किया जा सकता है। एस-क्लास के बाहरी स्वरूप में नई ग्रिल, विशेष सितारा आकृति वाली रोशनी और नए डिजाइन वाले पहिए दिए गए हैं। अंदरूनी हिस्सा पहले से कहीं अधिक आधुनिक और तकनीक से भरपूर बनाया गया है।

भारतीय बाजार में इसे लंबे व्हीलबेस वाले संस्करण में पेश किया गया है, जिससे पीछे बैठने वाले यात्रियों को भरपूर स्थान मिलता है। सीटों में वेंटिलेशन, ताप नियंत्रण और मालिश जैसी सुविधाएं दी गई हैं। इसका सबसे बड़ा तकनीकी आकर्षण नया डिजिटल सुपरस्क्रीन सिस्टम है, जिसमें बड़ी ओएलईडी स्पर्श स्क्रीन और सहयात्री के लिए अलग डिजिटल स्क्रीन उपलब्ध कराई गई है।

## आज का सुविचार

हर अजनबी में एक सबक छिपा होता है, बस देखने की नजर चाहिए।

# नीट परीक्षा का कोई टेंशन नहीं, ऐसा कहकर दे दी जान

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 20 जून।

पापा ने कह दिया है कि टेंशन मत लो, नीट निकलता है तो ठीक है। मैं फिर भी इसका प्रयास करना चाहता हूं। अगर सफल होता हूं तो... आप लोग यह वीडियो देखेंगे। नीट की तैयारी कर रहे प्रताप विहार के ए-ब्लॉक निवासी छात्र ने ये आखिरी शब्द बोलने के बाद फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र ने आत्महत्या से पहले एक मिनट चार सेकंड का वीडियो भी बनाया, जिसमें पंखे पर लगा फंदा भी दिखाया।



### भाई ने दी पुलिस को सूचना

एसीपी उपासना पांडेय ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 8:15 बजे ललित मोहन ने डायल-112 पर सूचना दी कि सेक्टर-9, प्रताप विहार के ए-ब्लॉक में उनके भाई जतिन कुमार (22) ने आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही विजयनगर थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव फर्श पर पड़ा था और पंखे से बंधा फंदा टूट चुका था।

पुलिस के अनुसार परिजनों ने बताया कि जतिन नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था। उसकी परीक्षा 21 जून को होनी थी। बृहस्पतिवार रात करीब 12 बजे तक वह कमरे में टहलता हुआ दिखाई दिया। इसके बाद परिजन सो गए। सुबह जब उसे जगाने गए तो वह फर्श पर मृत अवस्था में पड़ा मिला। एसीपी ने बताया कि जतिन के मोबाइल फोन की जांच में रात करीब 12 बजे बनाया गया एक वीडियो मिला। पुलिस का कहना है कि यह वीडियो उसने आत्महत्या से पहले बनाया था। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की एक छोटी बहन है, जो इंटरमीडिएट की छात्रा है। उसके पिता सरकारी विभाग में कार्यरत हैं, जबकि मां गृहिणी हैं। परिजनों से बातचीत का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने इस संबंध में कुछ भी कहने से इन्कार कर दिया।

### आज कुछ अलग करना चाहता हूं

वीडियो में जतिन ने स्टडी रूम का दृश्य रिकॉर्ड किया और कहा, हाय, मेरा नाम जतिन है। मैं आज कुछ अलग करने की सोच रहा हूं। इसके बाद उसने पंखे से बंधी रस्सी और फंदा दिखाते हुए कहा, जैसा कि आप लोग देख रहे होंगे। मेरे ऊपर किसी भी चीज का कोई दबाव नहीं है। मैं परेशान नहीं हूं, बिल्कुल चिल हूं। हां थोड़ा डिप्रेस्ड हूं। मुझे नीट परीक्षा की भी कोई टेंशन नहीं है। पापा ने कह दिया है कि टेंशन मत लो, नीट निकलता है तो ठीक है, नहीं तो...(इसके बाद गाली का प्रयोग करता है)। उसने आगे कहा, मैं फिर भी इसका प्रयास करना चाहता हूं। अगर सफल होता हूं तो आप लोग यह वीडियो देखेंगे। अगर नहीं होता है तो कोई बात नहीं, कौन जानता है।

# रंगदारी मामला : कारोबारीयों की जानकारी स्थानीय शख्स ने गैंगस्टरों तक पहुंचाई

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 20 जून।



शहर के प्रमुख कारोबारियों को विदेशी नंबरों से मिली रंगदारी की धमकियों के मामले में पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। जांच में पता चला है कि कारोबारियों की निजी जानकारी पहले एक स्थानीय व्यक्ति ने जुटाई और फिर उसे खुफिया विभाग (आईबी) के एक सब-इंस्पेक्टर तक पहुंचाया गया। आरोप है कि यही जानकारी बाद में गैंगस्टर नेटवर्क तक पहुंची, जिसके आधार पर कारोबारियों को धमकी भरे फोन किए गए। पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। एक आरोपी को अदालत से जमानत मिल चुकी है।

करीब एक महीने पहले फरीदाबाद के आठ कारोबारियों को अलग-अलग विदेशी नंबरों से कॉल आई थीं। कॉल करने वालों ने खुद को गैंगस्टर गिरोह से जुड़ा बताते हुए लाखों रुपये की रंगदारी मांगी थी। रकम नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने विशेष जांच टीम गठित कर तकनीकी और मानव खुफिया तंत्र के जरिए जांच शुरू की। जांच के दौरान सामने आया कि एक निजी समारोह में कुछ कारोबारी रंगदारी कॉल की चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान सेक्टर-9 निवासी दीपक गोयल ने कथित तौर पर ऐसी टिप्पणी की, जिससे लोगों को उस पर संदेह हुआ। उसने कहा था कि मांग पूरी नहीं की गई तो जल्द कोई बड़ी घटना हो सकती है। यह जानकारी पुलिस तक पहुंची, जिसके बाद उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जाने लगी।

### पूछताछ में सामने आया पूरा लिंक

पुलिस पूछताछ में दीपक गोयल ने स्वीकार किया कि उसने कई कारोबारियों के नाम, पते और मोबाइल नंबर आईबी के सब-इंस्पेक्टर सिकंदर को उपलब्ध कराए थे। जांच एजेंसियों का मानना है कि यही जानकारी आगे अपराधियों तक पहुंची और फिर कारोबारियों को धमकी भरे कॉल आने शुरू हो गए।

## संक्षिप्त खबरें

### गर्मी की छुट्टियों में सूने मकानों पर चोरों का धावा, चार जगह चोरी की घटनाएं

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 20 जून।** गर्मी की छुट्टियों के दौरान खाली पड़े मकान चोरों के निशाने पर रहे। जिले के विभिन्न इलाकों में चोरी की चार घटनाएं सामने आई हैं। चोर नकदी, सोने-चांदी के आभूषण, मोबाइल फोन और घरेलू सामान लेकर भाग गए। पुलिस ने सभी मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धौज थाना क्षेत्र की सुंदर कॉलोनी निवासी सर्वेश कुशवाहा बच्चों के साथ गांव गए हुए थे। 18 जून को लौटने पर घर का ताला टूटा मिला। कमरे में सामान बिखरा पड़ा और बैग में रखे 13 हजार रुपये गायब मिले। वहीं सेक्टर-21सी स्थित एक कोठी में भी चोरों ने धावा बोला। मकान मालकिन सुभाष रानी के अनुसार 15-16 जून की रात बदमाश दरवाजों के लॉक तोड़कर अंदर घुसे और करीब 70 नल-टोटियां, नया फ्रिज का कंप्रेसर, गीजर और बाथरूम के फुहारे चोरी कर ले गए। ऐसे ही ग्रीनफील्ड कॉलोनी में कथा कार्यक्रम के दौरान मीनाक्षी, उनकी बेटी और दामाद के तीन मोबाइल फोन चोरी हो गए। सेक्टर-46 निवासी लाभ सिंह के घर से तीन मंगलसूत्र, दो सोने के कंगन, दो अंगूठियां, चार जोड़ी चांदी की पायल और 40 से 50 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए गए।

### बेटी की आत्महत्या के बाद परिजनों ने सास से की मारपीट

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 20 जून।** बहू की आत्महत्या के बाद सास के साथ मायके पक्ष के लोगों की ओर से मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद सीसीटीवी फुटेज की जांच और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर 18 जून को प्राथमिकी दर्ज की गई। सूरजकुंड थाना पुलिस ने सात नामजद आरोपियों समेत अन्य लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की। शिकायत के अनुसार सास बलेश व अन्य सेक्टर-45 स्थित सर्वोम सोसायटी के एक फ्लैट में रहते हैं। 10 जून को प्रवीन की पत्नी सीमा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोप है कि घटना की सूचना मिलने के बाद सीमा के पिता अजीत, भाई शिवराम, जीजा अरुण, सैंकी व उनके साथ आए 10 से 12 अन्य लोग फ्लैट में घुस गए और प्रवीन की मां बलेश के साथ मारपीट की।

# लगातार बिजली कटौती से शहरवासी परेशान, भीषण गर्मी में बढ़ीं मुश्किलें




» फरीदाबाद, यूटर्न/ 20 जून।

शहर में लगातार हो रही बिजली कटौती से लोगों की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। भीषण गर्मी के बीच घंटों बिजली गुल रहने से आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शहर की विभिन्न सोसाइटियों, सेक्टरों और कॉलोनियों के निवासी लंबे समय से बिजली संकट झेल रहे हैं। कई बार शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है।

फ्लोरिडा और रॉयल हेरिटेज सोसाइटी के निवासियों का कहना है कि यहां आए दिन घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। फ्लोरिडा सोसाइटी के आरडब्ल्यूए प्रधान अश्विनी ने बताया कि लगातार बिजली कटौती के कारण निवासियों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। बिजली नहीं होने पर डीजल जनरेटर का सहारा लेना पड़ता है, जिससे लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि जनरेटर के खर्च के कारण निवासियों को अधिक बिल चुकाने पड़ रहे हैं। शहर के अन्य क्षेत्रों में भी हालात बेहतर नहीं हैं। सेक्टर-3 के निवासी दीपक और अनिल ने बताया कि बार-बार बिजली जाने से घरेलू कामकाज, बच्चों की पढ़ाई और अन्य दैनिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। रात के समय बिजली कटौती होने से लोगों को उमस और गर्मी के बीच जागकर समय बिताना पड़ रहा है। पाली, ओल्ड फरीदाबाद, बल्लभगढ़, बड़खल, जवाहर कॉलोनी, संजय कॉलोनी तथा सेक्टर-23, 7, 8 और 12 सहित कई इलाकों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहने की शिकायतें सामने आई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में बिजली व्यवस्था को लेकर विशेष प्रबंध किए जाने चाहिए, लेकिन मौजूदा स्थिति में राहत नहीं मिल रही है। निवासियों ने बिजली विभाग से मांग की है कि शहर में सुचारु बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और बार-बार होने वाली कटौती की समस्या का जल्द समाधान किया जाए।

# निवेश पर अधिक मुनाफे का झांसा देकर ठगी, खाता उपलब्ध कराने वाला गिरफ्तार

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 20 जून।



निवेश पर अधिक मुनाफा दिलवाने का झांसा देकर साइबर ठगी करने के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने जालसाजों को बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हर्ष जायसवाल निवासी गांव गोहनिया, जिला प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। उसे 18 जून को प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया। पुलिस प्रवक्ता यशपाल के अनुसार सेक्टर-15ए निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि उसे एक अज्ञात मोबाइल नंबर के जरिये व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। ग्रुप में मौजूद लोगों ने निवेश पर अधिक मुनाफा कमाने का लालच दिया। झांसे में आकर उसने 10 से 17 मार्च के बीच ठगों द्वारा बताए गए बैंक खाते में 1.60 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में न तो उसे कोई लाभ मिला और न ही उसकी राशि वापस हुई, जिसके बाद उसे ठगी का पता चला। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच में सामने आया कि हर्ष जायसवाल ने मामले में प्रयुक्त बैंक खाते के खाताधारक विकास मलिक का खाता लेकर आगे साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था। इसी खाते में ठगी की 1.60 लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई थी। पुलिस ने बताया कि खाताधारक विकास मलिक को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी बीएससी तक शिक्षित है और वर्तमान में बेरोजगार है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# मुफ्त एंबुलेंस सेवा के प्रचार के लिए अस्पताल के आसपास लगाए गए एलईडी डिस्प्ले

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 20 जून।** मुफ्त एंबुलेंस सेवा के पर्याप्त प्रचार-प्रसार का मुद्दा लगातार उठाए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को इस सुविधा के प्रति जागरूक करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। अब जिला नागरिक अस्पताल के आसपास प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर एलईडी डिस्प्ले लगाकर निशुल्क एंबुलेंस सेवा और उससे जुड़े हेल्पलाइन नंबरों का प्रचार किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि बड़ी संख्या में लोगों को अभी भी सरकारी एंबुलेंस सेवाओं और उनके उपयोग की प्रक्रिया की पूरी जानकारी नहीं है। ऐसे में आपातकालीन स्थिति में कई मरीज समय पर इस सुविधा का लाभ नहीं उठा पाते। एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लोगों को 112 और अन्य उपलब्ध आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी जा रही है। गौरतलब है कि अमर उजाला ने लगातार इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए स्वास्थ्य विभाग का ध्यान एंबुलेंस सेवा के सीमित प्रचार-प्रसार और आम लोगों में जागरूकता की कमी की ओर आकर्षित किया था।



कतर के दोहा में आयोजित डायमंड लीग प्रतियोगिता में महिलाओं की 400 मीटर दौड़ का खिताब जीतने के बाद फिनिश लाइन पार करती डोमिनिकन गणराज्य की मारिलेडी पॉलिनो।

# टी20 महिला विश्व कप में अब भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया से मिलेगी चुनौती

» **लंदन, यूटर्न/ 20 जून ।**




आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 में भारतीय टीम की शुरूआत बेहद अच्छी रही है और उसने अपने शुरूआती दोनो ही मैच जीते हैं। भारतीय टीम ने पहले मैच में पाकिस्तान और दूसरे में नीदरलैंड्स को आसानी से हराया है। इन दोनों ही मुकाबलों में मिली जीत से भारतीय टीम खिताब की प्रबल दावेदार बन गयी है हालांकि उसकी राह इतनी भी आसान नहीं है।

भारतीय टीम को अब दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीमों से खेलना है। इसके अलावा उसे बांग्लादेश से भी खेलना है। ऐसे में उसे इन मैचों में पूरी तैयारी और दृढ़ता के साथ मैदान पर उतरना होगा।

पहले दोनो ही मैच जीतकर भारतीय टीम अभी अंक तालिका में नंबर एक पर है। भारत के अलावा, ऑस्ट्रेलिया ने भी अपने शुरूआती दो मैच जीते हैं और उसके भी 4 अंक हैं, हालांकि बेहतर नेट रन रेट के चलते भारतीय टीम शीर्ष पर है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान के खिलाफ एक मैच जीतकर और ऑस्ट्रेलिया से हारकर अपनी स्थिति बनाए रखी है। ग्रुप-ए से सेमीफाइनल के लिए ये तीनों टीमें झ भारत, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका झ ही सबसे प्रबल दावेदार मानी जा रही हैं।

ऐसे में, भारतीय टीम के लिए सेमीफाइनल तक का सफर अब निर्णायक और चुनौतीपूर्ण होने वाला है।

भारत के ये तीन महत्वपूर्ण मुकाबले 21 जून को दक्षिण अफ्रीका, 25 जून को बांग्लादेश और 28 जून को ऑस्ट्रेलिया से होने वाले हैं। सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के लिए टीम इंडिया को इन तीन मैचों में से कम से कम दो में जीत हासिल करना अनिवार्य होगा। यदि भारतीय टीम ऐसा करने में असफल रहती है और सिर्फ एक मैच जीत पाती है, तो उसकी मुश्किलें काफी बढ़ सकती हैं और उसे सेमीफाइनल में प्रवेश के लिए अन्य टीमों के मैचों के परिणामों पर निर्भर रहना पड़ सकता है। आंकड़ों पर गौर करें तो, टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत पर भारी पड़ी है, जहां वह हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 5-2 से आगे है। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय टीम का प्रदर्शन और रिकॉर्ड अच्छा रहा है जो टीम के लिए एक सकारात्मक पहलू है।

यदि भारतीय टीम अगले दो मुकाबलों में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश को हरा देती है, तो उसे आसानी से सेमीफाइनल का टिकट मिल जाएगा, जिससे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी मैच में दबाव कुछ कम हो सकता है।

## आईपीएल के अगले सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के कोच बनेंगे युवराज

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जून ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह अब आईपीएल के अगले सत्र में दिल्ली कैपिटल्स में कोच की भूमिका में नजर आयेंगे। युवराज इस प्रकार पेशेवर कोचिंग करियर की शुरूआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह साल 2027 सत्र से पहले ही दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ जाएंगे। कैपिटल्स के एक अधिकारी ने कहा कि युवराज के टीम से जुड़ने से उसे एक अनुभवी कोच मिलेगा। गौरतलब है कि साल 2019 में रिटायर होने के बाद से से ही युवराज आईपीएल में किसी भी बड़ी भूमिका में नहीं दिखे हैं। युवराज पहले भी दिल्ली की इस फ्रैंचाइजी से एक खिलाड़ी के तौर पर जुड़े रह चुके हैं, जब उन्होंने 2015 सीजन में दिल्ली डेयरडेविल्स की ओर से खेला था।

एक रिपोर्ट में कहा गया की डगआउट में युवराज के होने से सभी को लाभ होगा। युवराज के कई साथी खिलाड़ी आईपीएल में अलग-अगले टीमों से कोच के तौर पर जुड़े हैं। युवराज इस मामले में थोड़े देर से आ रहे हैं पर निजी तौर पर वह युवाओं को कोचिंग देते रहे हैं। दो बार आईपीएल जीतने वाले युवराज ने दिल्ली की टीम के साथ अपनी यात्रा शुरू करने से पहले अपना एक मजबूत प्रोफाइल बनाया है। अभिषेक शर्मा को एक आक्रामक टी20 क्रिकेटर के तौर पर फिर से उभारने में उनकी बेहतरीत भूमिका रही है, वह भारतीय टेस्ट और एकदिवसीय टीम के कप्तान शुभमन गिल के भी मेंटर रहे हैं। वह केवल खिलाड़ियों को ट्रेनिंग नहीं देते, बल्कि उन्हें मेंटर भी करते हैं।

## फीफा विश्वकप में दिग्गजों को टक्कर दे रहे युवा खिलाड़ी

**कैलिफोर्निया, यूटर्न/ 20 जून ।** फीफा विश्वकप में इस बार शामिल 48 टीमों में उम्रदराज और युवा दोनो ही तरह के खिलाड़ी शामिल हैं। जहां 40 साल की उम्र के अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी लियोनन मैसी और 41 पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो व 40 साल के क्रोएशिया के लुका मोड्रिक सहित कई टीमों के दिग्गज खिलाड़ी उतरे हैं। वहीं इनसे आधी उम्र के उभरते हुए फुटबॉलर इन्हें टक्कर देते हुए दिख रहे हैं। वहीं सेनेगल के 18 साल के फॉरवर्ड इब्राहिम एमबाए ने टूनार्मेंट के अपने पहले ही मैच में गोल दागकर अपने स्टार बनने के संकेत दिए हैं। इसके अलावा स्पेन के 19 साल के होने जा रहे लामिन यामल सबसे होनहार खिलाड़ियों में से एक के रुप में उभरकर सामने आये हैं। मांसपेशियों में खिंचाव के बाद वापसी करते हुए उन्हें केप वर्डे के साथ ड्रॉ मैच में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतारा गया था। इस विश्व कप में खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी मैक्सिको के 17 वर्षीय मिडफील्डर गिलबर्टो मोरा हैं, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका पर 2-0 की जीत के दूसरे हाफ में मैदान पर उतरकर अपने अच्छे प्रदर्शन से घरेलू दर्शकों की प्रशंसा बटोरी। सेनेगल के फॉरवर्ड इब्राहिम एमबाए ने पहली बार विश्व कप में खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया; फ्रांस में जन्मे इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने फ्रांस के खिलाफ 75वें मिनट में मैदान पर आकर एक महत्वपूर्ण गोल दागा। मोरक्को के 18 वर्षीय अय्यूब बौआदी ने ब्राजील के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ रहे मैच में अपनी छाप छोड़ी, जबकि मिस्र के 18 वर्षीय फॉरवर्ड हमजा अब्देलकरीम बेल्जियम के साथ 1-1 से ड्रॉ रहे मैच में 76वें मिनट में स्टार खिलाड़ी मोहम्मद सलाह की जगह मैदान पर उतरे।



# बॉलीवुड में ग्लेमर का तड़का


नम्रता मल्ला


दिशा पाटनी

## फटाफट खबरें

### युद्धविराम की घोषणा के बावजूद इजरायल ने दक्षिणी लेबनान पर किये हमले

**तेल अवीव, यूटर्न/ 20 जून ।** इजरायल-हिजबुल्लाह के बीच शुक्रवार से नये युद्धविराम समझौता लागू होने के कुछ घंटों के बाद इजरायली बलों ने दक्षिणी लेबनान की अली ताहर पहाड़ी क्षेत्र पर हमले किये। इस हमले में अब तक कम से कम 47 लोगों के मारे जाने और 97 अन्य लोगों के घायल होने की रिपोर्ट सामने आयी है। लेबनान के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार से हुए इन हमलों में कम से कम 47 लोग मारे गये हैं और 97 अन्य घायल हुए हैं। इसने उस युद्धविराम की स्थिरता पर संदेह पैदा कर दिया है, जिसके जरिये क्षेत्रीय राजनयिक सीमा पर शांति बहाली की उम्मीद कर रहे थे। एक अमेरिकी अधिकारी ने मीडिया को बताया कि हाल के दिनों में इजरायल द्वारा तेज किए गए हमलों के बाद इजराइल और हिज्बुल्लाह के बीच संघर्षविराम पर सहमति बन गई है। हालांकि, जमीनी रिपोर्टों के अनुसार लड़ाई अभी पूरी तरह रुकी नहीं है।

### ब्रिटेन में दो ट्रेनों की टक्कर में एक की मौत, 89 घायल

**लंदन, यूटर्न/ 20 जून ।** दक्षिणी इंग्लैंड में बेडफोर्ड के पास दो ट्रेनों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गयी तथा 89 लोग घायल हुए हैं। ब्रिटिश परिवहन पुलिस ने यह जानकारी दी है। इससे पहले अधिकारियों ने इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत की जानकारी दी थी। परिवहन पुलिस ने कहा, '33 लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से 11 की हालत गंभीर थी। 56 अन्य लोगों का चोटों के लिए इलाज किया गया।' उन्होंने कहा कि हादसे में एक ट्रेन के चालक की मौत हो गयी।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने नए एयर फोर्स वन ब्रिज एयरक्राफ्ट का किया अनावरण

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 20 जून ।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी एयरफोर्स के नए वीसी-25बी ब्रिज एयरक्राफ्ट को पेश किया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इसे अमेरिकी ताकत का प्रतीक और पुराने हो रहे प्रेसिडेंशियल फ्लीट के लिए लंबे समय से इंतजार किया जा रहा रिप्लेसमेंट बताया। विमान का निरीक्षण करने और सैन्यकर्मियों को संबोधित करने के बाद जॉइंट बेस एंड्रुज में पत्रकारों से बातचीत करते हुए ट्रंप ने कहा कि संशोधित बोइंग 747 अगले राष्ट्रपति विमान कार्यक्रम (नेक्स्ट-जेनरेशन एयर फोर्स वन) के पूरा होने तक अंतरिम राष्ट्रपति विमान के रूप में सेवा देगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, 'दूसरा विमान करीब 35 साल पुराना था और अब समय आ गया था।' उन्होंने बताया कि मौजूदा एयरक्राफ्ट ने कई राष्ट्रपतियों की सेवा दी है। नया एयरक्राफ्ट लगभग डबल साइज का है और अमेरिका को उसकी वैश्विक पहचान के हिसाब से दिखाता था। वीसी-25बी ब्रिज नाम का यह एयरक्राफ्ट इस हफ्ते प्रेसिडेंशियल एयरलिफ्ट समूह में पहुंचा और इसने कमीशनिंग फ्लाइट्स की एक सीरीज शुरू कर दी है। ये फ्लाइट्स मिशन की क्षमता की पुष्टि करने और एयरक्राफ्ट के प्रेसिडेंशियल एयरलिफ्ट फ्लीट में औपचारिक रूप से शामिल होने से पहले जरूरी फाइनल प्रोटोकॉल को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई हैं।

# पाकिस्तानी हमले में मारे गए कई मासूम अफगान नागरिक, ज्यादती के खिलाफ अमेरिका से की गई खास अपील

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 20 जून ।**

पिछले एकाध साल में अफगानिस्तान पर पाकिस्तान की ओर से किए गए हमलों में कई नागरिक मारे गए हैं। इनमें बच्चों की संख्या भी ठीक-ठाक थी। एक रिपोर्ट में इन हमलों पर अमेरिका से खास अपील की गई है। आंकड़े सामने रखते हुए मांग की गई है कि वो पाकिस्तान को सैन्य कार्रवाई करने से रोके।

संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन इन अफगानिस्तान (यूएनएएमए) के अनुसार, पिछले सप्ताह पाकिस्तान ने करीब एक महीने की अपेक्षाकृत शांति के बाद अफगानिस्तान में नए हवाई हमले किए, जिनमें करीब 13 नागरिक मारे गए और 10 अन्य घायल हो गए। इस्लामाबाद ने इन हमलों की पुष्टि करते हुए दावा किया कि उनका निशाना आतंकियों के ठिकाने थे और इसमें तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े 26 लड़ाके मारे गए। हालांकि, अमेरिकी ऑनलाइन पत्रिका रिस्पॉन्सिबल स्टेटक्राफ्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, इन दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

रिपोर्ट में कहा गया कि वाशिंगटन को इस्लामाबाद से अपने दावों के समर्थन में सबूत मांगने चाहिए, हमलों में हुई मौत की स्वतंत्र जांच कराई



जानी चाहिए और यह स्पष्ट करे कि आतंकवाद के खिलाफ अभियान में मदद का बहाना बनाकर मासूम अफगान नागरिकों को मारना क्या सही है?

रिपोर्ट में कहा गया, 'यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान ने दावा किया है कि उसके हमलों का निशाना टीटीपी था, हालांकि अपने दावे के समर्थन में कोई वो कोई सबूत पेश नहीं कर पाया। मार्च में पाकिस्तानी हवाई हमलों ने काबुल स्थित ओमिद ड्रग पुनर्वास केंद्र को निशाना बनाया था, जहां संयुक्त राष्ट्र के अनुसार करीब 143 लोग मारे गए थे। इसके बावजूद इन हमलों की अंतरराष्ट्रीय समुदाय, यहां तक कि अमेरिका ने भी नाममात्र की आलोचना की है। वो भी तब जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में पाकिस्तान और अमेरिका के संबंध और मजबूत हुए हैं।' रिपोर्ट में अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत के निवासी हाजी हाफिजुल्लाह का भी जिक्र है।

जिन्होंने बताया कि हमलों के बाद उन्होंने अपने बेटे और अन्य ग्रामीणों के साथ पूरी रात मलबे से शव निकालने में बिताई थी।

## दुनियाभर के नेताओं ने अमेरिका-ईरान समझौते का किया स्वागत

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 20 जून ।**

जी7 समेत दुनिया के नेताओं और अमेरिका के वरिष्ठ सांसदों ने अमेरिका और ईरान के बीच हुए हालिया समझौते का स्वागत किया। समर्थकों ने इसे एक बड़ी कामयाबी बताया जिससे होर्मुज स्ट्रेट फिर से खुल सकता है, इलाके का तनाव कम हो सकता है और तेहरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम पर बातचीत आगे बढ़ सकती है। व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान के साथ एक समझौता किया है, जो यह सुनिश्चित करेगा कि तेहरान कभी परमाणु हथियार हासिल नहीं करेगा, होर्मुज स्ट्रेट को फ्री नेविगेशन के लिए फिर से खोलेगा और भविष्य की डिप्लोमेसी के लिए एक फ्रेमवर्क तैयार करेगा। जी7 नेताओं के एक संयुक्त बयान में मिडिल ईस्ट में हासिल इस सफलता और अवसर का स्वागत किया गया।

# यूरोप में गर्मी से बिछ रही लाशें

## फ्रांस में एक साल में 5400 मौतें

भारत में जून की गर्मी से मिली राहत

**पेरिस, यूटर्न/ 20 जून ।** दो नई स्टडीज ने चेतावनी दी है कि फ्रांस में लगातार बढ़ती हीटवेव्स लोगों के स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा बनती जा रही हैं। इसमें सबसे ज्यादा खतरा उन लोगों को है, जो खराब और जर्जर मकानों या आर्थिक रूप से कमजोर इलाकों में रहते हैं। ये निष्कर्ष ऐसे समय में सामने आए हैं, जब यूरोप के कई हिस्से असामान्य रूप से जून की खतरनाक हीटवेव का सामना करने को तैयार हैं, और कुछ क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार करने की संभावना है। ऑक्सफैम के एक विश्लेषण के मुताबिक, फ्रांस में हर साल अत्यधिक गर्मी से करीब 5,400 लोगों की मौतें होती हैं, जिसे अब एक स्वास्थ्य आपातकाल के रूप में देखा जाना चाहिए।

रिपोर्ट के अनुसार, हीटवेव्स के स्वास्थ्य पर असर सिर्फ डिहाइड्रेशन और हीटस्ट्रोक तक सीमित नहीं है, खासकर बुजुर्गों में। ऑक्सफैम ने पाया कि अत्यधिक गर्मी के दौरान हार्ट अटैक से मरने का खतरा 7 प्रतिशत बढ़ जाता है, जबकि सबसे गर्म दिनों में महिलाओं की मृत्यु दर दोगुनी हो सकती है। इसके अलावा, एक हफ्ते से ज्यादा समय तक चलने वाली हीटवेव्स के दौरान एक्यूट किडनी फेल्योर का खतरा



70 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। शोधकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि जलवायु परिवर्तन मौजूदा सामाजिक असमानताओं को और बढ़ा रहा है, ऑक्सफैम का अनुमान है कि 2025 की गर्मियों में फ्रांस के सबसे गरीब इलाकों में अतिरिक्त मृत्यु दर सबसे अमीर इलाकों की तुलना में 31 प्रतिशत ज्यादा थी। शहरी इलाकों के सबसे अमीर 20 प्रतिशत निवासियों की गरीब इलाकों के लोगों की तुलना में अत्यधिक गर्मी के खतरे का सामना दस गुना कम करना पड़ता है हाउसिंग फाउंडेशन की एक अलग स्टडी में भी ऐसे ही निष्कर्ष सामने आए हैं, जिसमें समर एनर्जी पावर्टी की बढ़ती चुनौती को उजागर किया गया है यानी हीटवेव्स के दौरान घरों को ठंडा रखने में असमर्थता।

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में सिख दंपति हत्या मामला

# मानवाधाकिर संगठनों ने की निंदा

» **इस्लामाबाद, यूटर्न/ 20 जून ।**

हाल ही में खैबर पख्तूनख्वा के गुरुद्वारे में सिख सेवादार दंपति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) ने इसकी कड़ी निंदा की है। आयोग ने कहा कि इस घटना ने अल्पसंख्यकों और उनके धार्मिक स्थलों को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

यह बयान उस घटना के बाद आया जिसमें अज्ञात हमलावरों ने मर्दान के बाबू मोहल्ला ख्वाजा गंज बाजार क्षेत्र स्थित गुरुद्वारे के अंदर कथित रूप से गोलीबारी की। इस हमले में 70 वर्षीय जगन्नाथ और उनकी पत्नी की मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।

गहरी चिंता व्यक्त करते हुए एचआरसीपी ने कहा, 'यह घटना न केवल धार्मिक अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है, बल्कि उन परिस्थितियों पर भी प्रश्न उठाती है जिनमें यह हमला हुआ। ऐसी रिपोर्ट्स कि कथित हमलावर स्थल की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ा हुआ था, विशेष जांच



की मांग करती हैं और धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा संबंधी 2014 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के क्रियान्वयन में अधिक सख्त जांच-पड़ताल और निगरानी की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं।'

एचआरसीपी ने मर्दान के जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) द्वारा शुरुआती चरण में इस घटना को व्यक्तिगत दुश्मनी से जोड़ने पर भी सवाल उठाया। आयोग ने कहा कि जांच के प्रारंभिक चरण में इतने आत्मविश्वास के साथ इस तरह के मकसद का निष्कर्ष किस आधार पर निकाला गया, यह स्पष्ट नहीं है। आयोग ने पाकिस्तानी अधिकारियों से मांग की कि वे मामले की सभी संभावित दिशाओं में गहन जांच करें और दोषियों को कानून के अनुसार जवाबदेह ठहराएं।

# कतर ने ट्रंप को 37 अरब रुपये का उड़न खटोला गिफ्ट किया

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 20 जून।**

**राष्ट्रपति ने किया नए एयर फोर्स वन का उद्घाटन, विवाद शुरू**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को मैरीलैंड स्थित जॉइंट बेस एंड्रयूज में एक नए अस्थायी एयर फोर्स वन का उद्घाटन किया। यह विमान कतर द्वारा अमेरिका को उपहार स्वरूप दिया गया है और इसकी कीमत लगभग 400 मिलियन डॉलर, यानी भारतीय मुद्रा में करीब 37 अरब रुपये बताई जा रही है। इस भव्य उपहार को लेकर अमेरिका में नियमों और नैतिकता को लेकर एक नया विवाद भी खड़ा हो गया है।

यह वीसी-25बी विमान तब



तक अस्थायी एयर फोर्स वन के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा, जब तक बोइंग द्वारा विशेष रूप से राष्ट्रपति के लिए तैयार किए जा रहे दो नए विमान 2027 और 2028 में डिलीवर नहीं हो जाते। इन नए विमानों की अनुमानित लागत भी बढ़कर 5 अरब डॉलर तक पहुंच चुकी है। यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि कतर से मिले इस विमान को राष्ट्रपति के उपयोग के योग्य बनाने के लिए लगभग 1 अरब डॉलर का अतिरिक्त खर्च आने का अनुमान है राष्ट्रपति ट्रंप का मानना है कि अमेरिका को दुनिया के अन्य देशों के नेताओं के मुकाबले आधुनिक और बेहतर विमानों की आवश्यकता है। उन्होंने टिप्पणी की, दूसरे देशों के पास हमसे कहीं ज्यादा नए और बेहतर विमान हैं। यह स्थिति थोड़ी हास्यास्पद थी। वर्तमान राष्ट्रपति विमान 1990 से सेवा में हैं और पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू. बुश के कार्यकाल में शामिल किए गए थे। हाल ही में इनमें से एक विमान को तकनीकी खराबी के कारण उड़ान के बीच वापस लौटना पड़ा था, जो अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए अत्याधुनिक हवाई बेड़े की आवश्यकता पर बल देता है।

**महंगा उपहार ठुकराना बेवकूफी: ट्रंप:** हालांकि, कतर से मिले इस विशालकाय उपहार को लेकर अमेरिका में तीखी आलोचना भी हो रही है। आलोचकों का तर्क है कि अमेरिकी नियमों के अनुसार, किसी एक स्रोत से 50 डॉलर से अधिक का उपहार स्वीकार नहीं किया जा सकता है, जबकि इस विमान की कीमत 400 मिलियन डॉलर है। इस आलोचना को ट्रंप ने खारिज करते हुए कहा कि इतने बड़े और मूल्यवान ऑफर को ठुकराना बेवकूफी होती। अमेरिकी रक्षा विभाग ने भी इस विषय पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा है कि विमान को सभी संघीय नियमों और प्रक्रियाओं का पालन करते हुए ही स्वीकार किया गया है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *